मैं उन चीजों पर पछतावा करना पसंद करूंगी जो मैंने की हैं, बजाय उन चीजों के जो मैंने नहीं की हैं।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026 | वर्ष-35 अंक-220 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने के बीच केंद्र सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है।

### स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति का पुनर्गठन

**नई दिल्ली/हरिद्वार।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया है। इसमें देशबंधु को पुन: अध्यक्ष और हरिद्वार के जितेन्द्र रघुवंशी को फिर से महासचिव नियुक्त किया गया है, जबकि द्विजेंद्र मोहन शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

### टेली-लॉ पहल न्याय सुलभ बनाने का सशक्त माध्यम- उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम में कहा कि न्याय तक पहुंच लोकतंत्र की आधारशिला है और यह सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार बने।

उपराष्ट्रपति ने रविवार को यहां विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा दिशा योजना के अंतर्गत आयोजित टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित किया। इस अवसर पर विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भोपाल में तीन राज्यों के युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन सोमवार से

**भोपाल।** राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30-31 मार्च को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित विधानसभा भवन में आयोजित किया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम सफल एवं सुचारु रूप से संपन्न हो, इसके लिये संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

### विश्व में पुन: स्थापित हो रही है भारत की सनातन परंपरा: संजय

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने कहा कि भारत पुन: अपने गौरव की ओर लौट रहा है। भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व की जीवन दृष्टि और भारत की सनातन परंपरा आज विश्व में पुन: स्थापित हो रही है, भारत के मन से गुलामी के अवशेष समाप्त हो रहे हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देहरादून परेड ग्राउंड में स्वयंसेवकों के बौद्धिक कार्यक्रम में प्रांत प्रचार प्रमुख ने यह बाते कही।

उन्होंने कहा कि विश्व आज भारत की ओर आशा और मार्गदर्शन की दृष्टि से देख रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत पुन: विश्वगुरू के आसन पर विराजमान होगा और राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त करेगा।

### महाराष्ट्र से परिवार के साथ काशी आया किशोर नहाते समय गंगा में डूबा, मौत

**वाराणसी।** महाराष्ट्र से अपने परिवार के साथ काशी में दर्शन पूजन के लिए आया किशोर रविवार को केदारघाट पर गंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। जब तक किशोर को गंगा से निकाला जाता उसकी सांसे थम चुकी थी। एनडीआरफ की टीम ने काफी प्रयास के बाद शव को गंगा से बाहर निकाला। किशोर का शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के सतारा जिले से वाराणसी घूमने आया सचिन (15) केदारघाट पर अपने परिजनों के साथ गंगा स्नान कर रहा था। इसी दौरान सचिन फिसल कर गहरे पानी में समा गया।

# राजग की बढ़ती लोकप्रियता केरल में बदलाव का संदेश: मोदी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह राज्य में बदलाव का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में केरल में राजग की सरकार बनने पर तेज विकास होगा।

केरल के पलक्कड़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने वाम दलों के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दोनों गठबंधनों को भ्रष्ट और सांप्रदायिक करार देते हुए कहा कि उनकी राजनीति केवल वोटबैंक तक सीमित है और उन्हें राज्य के विकास की चिंता नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ की नीतियां सिर्फ वोटबैंक पॉलिटिक्स पर आधारित हैं। मैं केरलम की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि राजग की सरकार बनने पर राज्य का तेज विकास होगा। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा, केरलम लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के बीच फंसा हुआ है, लेकिन अब राज्य में बदलाव का माहौल बन रहा



है। प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और राजग के प्रति भरोसा जता रहे हैं, जो एक उभरते जनआंदोलन का रूप ले रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ के बीच 'बी टीम' को लेकर चल रही बयानबाजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे साफ होता है कि दोनों ही गठबंधन भाजपा को एक मजबूत विकल्प मानने लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ केवल बयान देते हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं करते।

राज्य की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल पर पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है, जो पिछले दस वर्षों में तीन गुना हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसा सही दिशा में खर्च नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य में राजग की सरकार बनने पर हर रुपये का हिसाब लिया जाएगा।

## फूलबंगला में विराजमान हुए बांके बिहारी जी महाराज, दर्शन को उमड़ा सैलाब



### ठाकुरजी को फूलों से शीतलता देने का क्रम 12 अगस्त रहेगा जारी

**मथुरा।** मथुरा में कामदा एकादशी पर रविवार को ठाकुर बांके बिहारी ने विभिन्न प्रकार फूलों से सजे दिव्य फूलबंगला में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिये। गर्मी के मौसम में करीब चार महीने तक फूलबंगला सजाया जाएगा, ताकि ठाकुरजी को फूलों से शीतलता दी जा सके। फूलबंगला सजाने की यह क्रम 12 अगस्त हरियाली अमावस तक चलेगा। सुबह राजभोग और शाम को शयनभोग सेवा के दौरान अलग-अलग तरह के फूलबंगला में विराजकर ठाकुरजी भक्तों को दर्शन देंगे। ठाकुरजी की पूलबंगला सेवा के लिए पूरे सीजन की बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है। ऐसे में अब कोई भक्त फूलबंगला की सेवा मंदिर में करना चाहता है।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जन्मी चीता 'मुखी' का तीसरा जन्म-दिन गौरव का क्षण: डॉ. मोहन यादव

### मप्र की भूमि पर जन्मी पहली भारतीय चीता 'मुखी' तीन वर्ष की हुई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कूनो में जन्मी चीता %मुखी% का तीसरा जन्म-दिन प्रदेश के साथ ही पूरे देश के वन्य-जीव संरक्षण के लिए गौरव का क्षण है।

दरअसल, मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में जन्मी भारतीय चीता %मुखी% ने आज रविवार (29 मार्च) को तीन वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मध्य प्रदेश में संचालित %चीता परियोजना% लगातार सफलता के नए



आयाम स्थापित कर रही है।

गौरतलब है कि, चीता मुखी का जन्म 29 मार्च 2023 को नामीबिया से लाई गई 'ज्वाला' की कोख से हुआ था। वह चार शावकों के समूह में एकमात्र जीवित बची थी। भीषण गर्मी के कारण उसके अन्य तीन भाई-बहन जीवित नहीं रह सके। प्रारंभिक परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन कूनो नेशनल पार्क के पशु चिकित्सकों और वन्य-जीव विशेषज्ञों की सतत निगरानी और देखभाल से मुखी आज पूर्णत: स्वस्थ है।

चीता 'मुखी' की कहानी भारत में चीतों की पुनर्स्थापना के प्रयासों के दृढ़ संकल्प, श्रेष्ठ वैज्ञानिक प्रबंधन और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गई है। कूनो नेशनल पार्क में 29 मार्च को 'मुखी' के तीसरे जन्म-दिवस के अवसर पर एक विशेष और भावनात्मक वातावरण देखने को मिला। एक नन्हे शावक से आत्म-विश्वास लबरेज फर्राटे भरती वयस्क चीता और अब एक माँ बनने तक की मुखी की यात्रा प्रेरणादायक रही है। यह यात्रा इस बात का संकेत है कि भारत में चीतों के संरक्षण और पुनर्वास के प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## कांग्रेस ने अपनी नीतियों से राज्य में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया: अमित शाह

**शोणितपुर।** असम के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शोणितपुर में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस पर अपना हमला और तेज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से अपनी नीतियों के जरिए राज्य में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया है और अब केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे सुधारात्मक कदमों का विरोध कर रही है।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने 'अवैध प्रवासी (ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारण)



अधिनियम' (आईएमडीटी) इसलिए बनाया था ताकि असम में घुसपैठियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अवैध प्रवासियों की पहचान करने और उन्हें हटाने के केंद्र सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह मुद्दा सरकार के लिए हमेशा से ही एक प्राथमिकता रहा है।

पूरे देश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का ज़िक्र करते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर इस प्रक्रिया का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के विरोध से अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर कांग्रेस के रुख को लेकर कई सवाल खड़े होते हैं।

असम कांग्रेस के नेता और लोकसभा सांसद गौरव गोगोई को निशाने पर लेते हुए अमित शाह ने उन्हें चुनौती दी कि वे राज्य की जनता के सामने अपना रुख स्पष्ट करें। कहा कि अगर गौरव गोगोई यहां आते हैं, तो उनसे पूछिए कि वे एसआईआर का विरोध क्यों कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में पांच लाख का ईनामी नक्सली कमांडर मुचाकी कैलाश ढेर

**सुकमा एजेंसी।** सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के जंगलों में रविवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मारा गया है। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हुई।

मुठभेड़ के बाद इलाके की तलाशी लेने पर एक नक्सली का शव हथियार सहित बरामद किया गया। मृत नक्सली की पहचान 5 लाख रुपये के इनामी पीपीसीएम कैडर के प्लाटून नंबर 31 के सेक्शन कमांडर मूचाकी कैलाश के रूप में हुई है। वह पूलनपाड़ गांव, चिंतलनार थाना क्षेत्र का निवासी था। पुलिस के अनुसार, मूचाकी कैलाश कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहा था, जिनमें नागरिकों की हत्या, सुरक्षाबलों पर हमले और आईईडी विस्फोट की साजिशें शामिल हैं।

## लंबे इंतजार के बाद 169 नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति आदेश जारी

**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय निकायों में लंबे इंतजार के बाद 169 नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति कर दी गई है। इनमें 123 नगर परिषदों में चार-चार और 46 नगर पालिकाओं में 6-6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। इस संबंध में रविवार को राज्य शासन ने आदेश जारी करते हुए नामों की सूची जारी की है। सागर को छो?कर शेष बुंदेलखंड और चंबल के निकायों में सहमति न बन पाने के कारण फिलहाल लिस्ट होल्ड रखी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के नगरीय निकायों में नव-नियुक्त एल्डरमैनों को बधाई और शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच शनिवार को करीब दो घंटे तक अहम बैठक हुई थी। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति की सूची के साथ-साथ निगम-मंडलों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर नियुक्तियों को लेकर चर्चा होने की बात कही जा रही हैं। ऐसे जल्द ही संभावित नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी, जिसके बाद निगम-मंडलों में नियुक्तियों की घोषणा हो सकती है।

### आईपीएस कृष्ण और अंशिका परिणय सूत्र में बंधे - बाड़मेर से जोधपुर पहुंची बारात



**जोधपुर।** उत्तर प्रदेश के चर्चित आईपीएस अफसर कृष्ण कुमार (केके) बिश्नोई और अंशिका वर्मा आज शादी के बंधन में बंध गए। दोनों ने आज जोधपुर में अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। दूल्हे आईपीएस कृष्ण कुमार बिश्नोई की बारात बाड़मेर से जोधपुर आई। बाड़मेर के धोरीमन्ना स्थित उनके घर से बड़ी धूमधाम के साथ बारात जोधपुर के लिए रवाना हुई। इससे पहले तमाम घर पर पारम्परिक रस्मों को निभाया गया। संभल एसपी केके बिश्नोई दूल्हा बनकर अपनी बारात के साथ राजस्थान के बाड़मेर से जोधपुर रवाना हुए जहां उन्होंने आज बरेली एसपी आईपीएस अंशिका वर्मा संग सात फेरे लिए।

## सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान का बड़ा हमला, अमेरिकी जासूसी विमान तबाह

**तेहरान एजेंसी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध अब पांचवें सप्ताह में पहुंच गया है। रविवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान की तरफ से किए गए मिसाइल और ड्रोन के बड़े हमले में अमेरिकी वायुसेना का अत्याधुनिक ई-3जी सेंट्री अवाक्स विमान पूरी तरह नष्ट हो गया। आईआरजीसी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उसने अमेरिकी ईंधन भरने और हवाई सहायता बेड़े को



निशाना बनाया, जिसमें कई बड़े सैन्य विमान नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए।

विश्लेषण में सामने आया है कि हमला बेहद सटीक था और विमान के सबसे अहम हिस्से रडार डोम को निशाना बनाया गया। यह वही भाग होता है जिसमें एएन/एपीवाई-2 सर्विलांस रडार सिस्टम लगा होता है, जो विमान की मुख्य ऑपरेशनल क्षमता का केंद्र है। तस्वीरों में विमान के पिछले हिस्से में भारी संरचनात्मक क्षति देखी गई है। यह विमान हाल ही में 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत इस बेस पर तैनात किया गया था और अमेरिकी वायुसेना की 552वीं एयर कंट्रोल विंग का हिस्सा था। इस घटना के बाद अमेरिकी श्व-3 बेड़े में विमानों की संख्या 16 से घटकर 15 रह गई है।

### पुणे एयरपोर्ट पर 76.58 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने पुणे एयरपोर्ट पर 76.58 किलोग्राम नशीला पदार्थ के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। यह नशीला पदार्थ थाईलैंड से खाने के सामान में छिपा कर लाया गया था। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 26.80 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले की छानबीन कर रहे अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुणे कस्टम टीम को थाईलैंड से चीन में बने इंपोर्टेड खाने के सामान में नशीला पदार्थ छिपा कर लाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी।

## हॉर्मुज स्ट्रेट से निकले एलपीजी लदे दो भारतीय जहाज, अगले दो-तीन दिन में भारत पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच भारत के लिए एक राहत की खबर आई है। भारत आने वाले दो एलपीजी टैंकर्स ने जंग के कारण ठप पड़े हॉर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। ये दोनों जहाज अब हॉर्मुज स्ट्रेट को पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। अगले दो से तीन दिन में इन दोनों जहाजों के भारत पहुंच जाने की उम्मीद जताई गई है।

आपको बता दें कि अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच जारी जंग के कारण हॉर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से ठप हो गया है, जिसकी वजह से मालवाहक जहाजों और ऑयल टैंकर्स की आवाजाही भी रुक गई है।



आवाजाही रुकने के कारण कच्चे तेल और गैस की अपनी जरूरत पूरी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करने वाले भारत जैसे देश के सामने काफी संकट की स्थिति बन गई है। ऐसे में भारत आने वाले दो एलपीजी टैंकर के हॉर्मुज स्ट्रेट को पार कर जाने की खबर ने काफी राहत पहुंचाई है।

## दिल्ली के चांद बाग में बहुमंजिला मकान में लगी आग, चार लोगों ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र स्थित चांद बाग में आज तड़के एक बहुमंजिला मकान में आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग ग्राउंड फ्लोर की पार्किंग में खड़े दो स्कूटर और एक मोटरसाइकिल में लगी, जिसके बाद धुआं तेजी से फैल गया। धुएं से घबराकर पहली मंजिल पर मौजूद चार लोगों ने छलांग लगा दी, जबकि दमकल कर्मियों ने ऊपरी मंजिलों से चार अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।



दमकल विभाग को घटना की सूचना रात करीब 2ः30 बजे मिली। सूचना मिलते ही चार दमकल की गाड़ी मौके पर भेजी गई। आग की गंभीरता को देखते हुए करीब 2ः56 बजे 'मेक-4' घोषित किया गया, जिसके बाद अतिरिक्त दमकल गाड़ियां रवाना की गईं। कुल 11 दमकल वाहन मौके पर पहुंचे।

दमकल अधिकारियों के मुताबिक, इमारत ग्राउंड प्लस पांच मंजिल की है और इसका क्षेत्रफल करीब 50 वर्ग गज है। आग से उठे धुएं ने ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लोग फंस गए। दमकल कर्मियों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं चौथी मंजिल से एक बच्चे को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

## दो उग्रवादी संगठनों के दो कैडर एवं मादक पदार्थ के साथ दो ड्राइवर गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चलाए जा रहे अभियानों के दौरान उग्रवादियों की गिरफ्तारी, हथियार एवं गोला-बारूद की बरामदगी के साथ ही मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्करों की भी लगातार गिरफ्तारी जारी है। इसी कड़ी में दो उग्रवादियों की जहां गिरफ्तारी हुई है, वहीं भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा रविवार को दी गयी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 28 मार्च को सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन यूपीपीके के एक सक्रिय कैडर खारीबाम बोयनाओ मैतेई उर्फ लमंगकपा (32) को उसके निवास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित को इंफाल पूर्वी जिले के सगोलमांग थानांतर्गत ईशिंगथेम्बी मपाल लीकाई का रहने वाला बताया गया है।

वहीं एक अन्य बयान में इसी दिन सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन आरपीएफ/पीएलए के जबरन वसूली में शामिल एक सक्रिय कैडर थोकचोम खेलजीत मैतेई उर्फ कैनी (48) को इंफाल पूर्वी जिले पोरोम्पैट थानांतर्गत हप्ता कांगजीबुंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपित इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल थानांतर्गत नाओरेमथोंग खुमानथेम लीकाई का निवासी बताया गया है।

## नवी मुंबई से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ान शुरू करेगा इंडिगो, 400 से ज्यादा उड़ानें होंगी संचालित



**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी उड्डयन कंपनी इंडिगो ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए उड़ान मार्ग शुरू करने की घोषणा की है। इनपर उड़ान सेवाएं 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी।

इंडिगो ने बताया कि नए मार्गों से एयरलाइन आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगाम (कर्नाटक), चंडीगढ़, दीव, कन्नूर (केरल), कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम सहित कई प्रमुख शहरों को नवी मुंबई को जोड़ेगी। इन मार्गों के शुरू होने के बाद नवी मुंबई से प्रति सप्ताह 400 से अधिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा और बेहतर यात्रा विकल्प मिलेंगे।

कंपनी के अनुसार, नवी मुंबई और गुजरात के बीच संपर्क को विशेष रूप से मजबूत किया गया है। इसी क्रम में भावनगर और नवी मुंबई के बीच प्रतिदिन दो सीधी उड़ानें शुरू कर दी गई हैं। ये सेवाएं एटीआर विमान से संचालित हो रही हैं, जिससे दोनों शहरों के बीच तेज और सुगम यात्रा संभव होगी।

इसके अलावा कंपनी ने जामनगर के लिए भी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है, जो 23 अप्रैल से प्रारंभ होगी।

# ग्वालियर में तीन दिवसीय अग्नि सुरक्षा मेला आज से

## अग्नि सुरक्षा उपकरणों का होगा प्रदर्शन व विक्रय

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में आज रविवार से तीन दिवसीय अग्नि सुरक्षा मेला लगाया जा रहा है।

ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि आज सायंकाल 5.30 बजे अग्नि सुरक्षा मेले का शुभारंभ होगा। यह मेला 31 मार्च तक लगा रहेगा। मेले में अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिये अग्नि सुरक्षा यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही अग्नि सुरक्षा से संबंधित विभिन्न उपकरण भी खरीदे जा सकेंगे। अग्नि सुरक्षा मेले में विशेषज्ञों द्वारा अग्निशमन यंत्र चलाने की बारीकियां भी नागरिकों को सिखाई जाएगीं।

कलेक्टर ने अग्नि दुर्घटनाओं से जिले को सुरक्षित करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे इस मेले का लाभ उठाने की अपील ग्वालियर शहर सहित सम्पूर्ण जिलेवासियों से की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा मेले के संबंध में अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न व्यवसाइयों, संस्थानों, पेट्रोल पंप संचालकों, पटाखा विक्रेताओं सहित अधिक से अधिक नागरिकों को इसकी जानकारी देने के निर्देश भी दिए हैं।

कलेक्टर ने बताया कि ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में 31 मार्च तक लगने जा रहे अग्नि सुरक्षा मेले में ग्वालियर जिले के साथ ही अन्य शहरों से अग्नि सुरक्षा उपकरण विक्रय करने वाले एवं विषय विशेषज्ञों को बुलाया गया है। नागरिकों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जानकारी देने के साथ-साथ उनका उपयोग किस प्रकार किया जाता है, इसके बारे में विशेष रूप से बताया जाएगा।



समाज के सभी वर्गों से इस महत्वपूर्ण मेले में सहयोग करने और अपने जिले को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित करने की अपील की गई है। अग्नि सुरक्षा मेले में अग्नि सुरक्षा उपकरणों के स्टॉल लगाने के लिये कोई भी वेंडर नगर निगम के अपर आयुक्त प्रदीप तोमर (मोबा. 8839263190) एवं निगम के फायर ऑफीसर उमंग (मोबा. 8878432178) से संपर्क स्थापित कर स्टॉल लगाने की सहमति प्राप्त कर सकता है। कलेकटर ने होमगार्ड कमांडेंट को भी निर्देशित किया है कि ग्वालियर जिले में अग्नि दुर्घटनाओं की सुरक्षा के लिये तैयार किए गए वॉलेन्टियरों को भी इस मेले की गतिविधियों से जोड़ा जाए। साथ ही समाज के सभी वर्गों को इस मेले से जोड़कर जिले को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित करने के सार्थक प्रयास किए जाएं।

# कनाडा में मारे गए उज्जैन के गुरकीरत का पार्थिव शरीर 2 अप्रैल को पहुंचेगा भारत

### वैंकूवर से अहमदाबाद होते हुए उज्जैन आएगा शव, इंश्योरेंस से उठेगा पूरा खर्च; 14 मार्च को हुई थी हत्या

**उज्जैन।** कनाडा में हत्या के शिकार हुए उज्जैन निवासी 23 वर्षीय गुरकीरत सिंह मनोचा का पार्थिव शरीर 2 अप्रैल को भारत पहुंचेगा। परिवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार, शव 1 अप्रैल को वैंकूवर से रवाना होगा और अहमदाबाद लाया जाएगा। यहां आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पार्थिव शरीर उज्जैन लाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

गुरकीरत के पिता गुरजीत सिंह ने बताया कि उन्हें मैसेज के माध्यम से जानकारी मिली है कि शव को वैंकूवर से दिल्ली और अहमदाबाद लाया जाएगा। क्लीयरेंस की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिवार को पार्थिव शरीर सौंप दिया जाएगा। इसके बाद उज्जैन लाकर अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतिम दर्शन के बाद अरदास की जाएगी और फिर चक्रतीर्थ घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

परिजनों के अनुसार, गुरकीरत का इंश्योरेंस होने के कारण पार्थिव शरीर को भारत लाने का पूरा खर्च बीमा कंपनी द्वारा वहन किया जा रहा है। परिवार ने इंश्योरेंस कंपनी को प्रक्रिया


गुरकीरत सिंह मनोचा

पूरी करने की अनुमति दे दी है।

गुरकीरत के भाई प्रभकीरत सिंह ने इस मामले को लेकर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार को इस घटना के लिए जवाब देना चाहिए और यह स्पष्ट करना चाहिए कि इतने बड़े हादसे की भरपाई कैसे की जाएगी। उन्होंने भारत सरकार से भी पूछा कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए कौन सा वकील नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि गुरकीरत का इंश्योरेंस स्टूडेंट पॉलिसी के तहत था, जिसके माध्यम से शव को भारत लाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने मैसेज के जरिए आश्वासन दिया था कि पूरी प्रक्रिया वे संभालेंगे और अब उसी के तहत कार्य हो रहा है।

इस पूरे मामले में केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वय से प्रक्रिया को तेज किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ। जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करवाई।

इसके अलावा विदेश मंत्रालय, भारतीय उच्चायोग ओटावा और वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी पार्थिव शरीर को भारत लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिवार के मित्र अभिलाष जैन ने भी मीडिया, प्रशासन और शासन के बीच समन्वय स्थापित करने में सहयोग किया।

गौरतलब है कि गुरकीरत सिंह मनोचा की 14 मार्च 2026 को कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन (ब्रिटिश कोलंबिया) में हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद से ही परिजन लगातार शव को भारत लाने के प्रयास में लगे हुए थे।

गुरकीरत उज्जैन के निवासी थे और उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने विक्रम यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया और उच्च शिक्षा के लिए कनाडा चले गए थे।

करीब सवा साल पहले कनाडा पहुंचे गुरकीरत वहां नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट का पोस्ट डिग्री डिप्लोमा कर रहे थे। पढ़ाई के साथ-साथ वे वॉलमार्ट स्टोर में मैनेजर के पद पर भी कार्यरत थे और भविष्य में वहीं बसने की योजना बना रहे थे।

इस दुखद घटना से पूरे उज्जैन में शोक का माहौल है और परिवार गहरे सदमे में है।

# महाकाल की भक्ति में लीन दिखीं रूपाली गांगुली, भस्म आरती में किए दर्शन



### 'मैं जो भी हूं बाबा की कृपा से हूं'–अनुपमा फेम अभिनेत्री ने साझा किया अनुभव, श्रद्धालुओं से किया आने का आग्रह

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रविवार सुबह आस्था और भक्ति का विशेष दृश्य देखने को मिला, जब टीवी अभिनेत्री रूपाली गांगुली भस्म आरती में शामिल होने पहुंचीं। लाल साड़ी में सजी रूपाली पूरी तरह भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं और उन्होंने गर्भगृह में पहुंचकर बाबा के समक्ष हाथ जोड़कर नमन किया।

मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने अभिनेत्री का स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी उन्हें देखकर उत्साह व्यक्त किया।

भस्म आरती के दिव्य और अलौकिक माहौल में शामिल होकर रूपाली गांगुली ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, मैं आज जो भी हूं, बाबा महाकाल की कृपा से हूं। जब भी मेरा मन विचलित होता है, मैं यहां आ जाती हूं। भस्म आरती का अनुभव अद्भुत होता है, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अपील की कि जीवन में एक बार जरूर बाबा महाकाल के दरबार में आकर इस दिव्य अनुभूति का अनुभव करें।

## चामुंडा माता मंदिर से सोने की नथ चोरी, दानपेटी तोड़ने का भी प्रयास

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में शनिवार की रात दो अलग-अलग मंदिरों में चोरी और चोरी के प्रयास की घटनाएं हुई। तलेन थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 गांधी चौक स्थित चामुंडा माता मंदिर में अज्ञात बदमाश माता जी की प्रतिमा में लगी करीब एक तोला वजनी सोने की नथ चोरी कर ले गया। शिकायतकर्ता विशाल(43)पुत्र सत्यानारायण दांगी ने पुलिस को बताया कि नथ की कीमत लगभग 40 हजार रुपये है। सूचना पर तलेन पुलिस ने रविवार को मौके का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपित के खिलाफ धारा 305(क) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इधर खिलचीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बावड़ीखेड़ा में भी चोरी का प्रयास सामने आया। यहां रहने वाले विष्णु(30) पुत्र गंगाराम सौंधिया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कांगनीखेड़ा निवासी कमल पुत्र गौरीलाल सौंधिया मंदिर परिसर में रखी दानपेटी का ताला तोड़कर रुपये निकालने की कोशिश कर रहा था। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

# महाकाल की भस्म आरती में अलौकिक दर्शन, सुबह 4 बजे खुले पट



### पंचामृत अभिषेक और भस्म अर्पण के बाद भव्य श्रृंगार, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रविवार तड़के भस्म आरती के दौरान अद्भुत और अलौकिक दृश्य देखने को मिला। सुबह करीब 4 बजे मंदिर के पट खोले गए, जिसके साथ ही गर्भगृह में पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हुआ।

मंदिर के पंडे-पुजारियों ने सबसे पहले गर्भगृह में विराजित सभी देवी-देवताओं का विधिवत पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर हरि ओम के जयघोष से गूंज उठा।

जलाभिषेक के पश्चात भगवान का दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। यह विशेष पूजन अत्यंत श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ।

इसके बाद भगवान महाकाल का भव्य श्रृंगार किया गया। भगवान को त्रिशूल, त्रिपुण्ड और डमरू के साथ सजाया गया और भांग अर्पित की गई। कपूर आरती और 卐हरि ओम卐 का जल चढ़ाने के बाद श्रृंगार की प्रक्रिया पूर्ण हुई।

भस्म आरती के मुख्य चरण में ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म अर्पित की गई। यह परंपरा महा निर्वाणी अखाड़े की ओर से निभाई जाती है। मान्यता है कि भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।

भस्म अर्पण के बाद भगवान को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत मुण्डमाल और रुद्राक्ष की माला धारण कराई गई। साथ ही सुगंधित पुष्पों की माला से उनका श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल ने मोगरा और गुलाब के फूल धारण किए, जिससे पूरा वातावरण सुगंधित हो उठा।

पूजन के अंत में भगवान को फल और मिष्ठान का भोग अर्पित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद हजारों श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर बाबा महाकाल के दर्शन करते रहे।

भस्म आरती के इस दिव्य आयोजन में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और हर कोई इस अलौकिक आरती का साक्षी बनने के लिए उत्साहित नजर आया।

# तेज रफ्तार बुलेरो की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 22 श्रद्धालु घायल, 7 की हालत गंभीर





**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़-बड़ागांव रोड पर शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बुलेरो कार ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 22 लोग घायल हो गए, जिनमें 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी अनुसार घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र के गोपालपुरा तिराहा के पास हुई। हादसे के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार सभी लोग बगाज माता मंदिर से जवारे विसर्जन कर अपने गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रॉली पलटने से कई लोग उसके नीचे दब गए और चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस और 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायलों में एक बुजुर्ग सहित चार महिलाओं की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को तुरंत बड़ागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के ड्यूटी डॉक्टर विकास बघेल ने बताया कि, कुल 22 घायलों को अस्पताल लाया गया था। प्राथमिक इलाज के बाद 7 लोगों की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है । हादसे में घायल सभी लोग छतरपुर जिले के बुडेरा (बुंढेरा) गांव के निवासी हैं। ये सभी श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।

### घायलों के नाम

घायलों में अंजना लोधी (26), अनुज लोधी (14), अनिकेत लोधी (11), अंशुल लोधी, गुड़िया लोधी, वर्षा अहिरवार, हर्बल यादव, अज्जू अहिरवार, कंछेदी अहिरवार, सुजान यादव, लल्ला बाई अहिरवार, अभिलाषा अहिरवार, गुड्डी अहिरवार, गीता अहिरवार, सुनीता अहिरवार, रामधार यादव, नैंसी यादव, लक्ष्मी बाई अहिरवार सहित अन्य शामिल हैं।

# चित्रकूट के पूर्व विधायक गणेश बारी का निधन, आज राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

**चित्रकूट/सतना।** चित्रकूट के पूर्व विधायक गणेश बारी का शनिवार को रीवा में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से किडनी, हार्ट और शुगर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही चित्रकूट सहित पूरे सतना जिला में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार आज रविवार को उनके पैतृक गांव चोरेही में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है।

जानकारी अनुसार तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से हालत गंभीर होने पर रीवा रेफर किया गया। रीवा में 12 दिन तक इलाज चलने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। गणेश बारी बहुजन समाज पार्टी के सक्रिय और जमीनी नेता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए दिग्गज नेताओं को हराकर विधानसभा तक का सफर तय किया। उन्होंने चुनाव में रामानंद पटेल और रामदास मिश्रा जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर प्रदेश की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई थी।

अपने सरल स्वभाव और जनसंपर्क के लिए प्रसिद्ध बारी अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनते थे। समर्थकों के अनुसार, वे हमेशा आमजन के मुद्दों को प्राथमिकता देते थे और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहे।

उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## ब्रीफ न्यूज

### नवविवाहिता की मौत के मामले में ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग व आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में कुरावर थाना क्षेत्र के ग्राम झाड़ला में 22 वर्षीय नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने रविवार को ससुर, बड़ी सास और जेठानी के खिलाफ दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने तथा आत्महत्या के लिए मजबूर करने का प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, गत 14 मार्च को ग्राम झाड़ला निवासी सोनाबाई पति सुनील दांगी ने अपने घर के कमरे में कुंदे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सोनाबाई को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में पैसा और सामान की मांग को लेकर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि ससुर, बड़ी सास और जेठानी द्वारा उसे ताने दिए जाते थे, जिससे वह मानसिक तनाव में थी और इसी प्रताड़ना के चलते उसने यह कदम उठाया। बताया गया कि वर्ष 2021 में सोनाबाई का विवाह सुनील दांगी से हुआ था और उसका सात महीने का एक बालक भी है। पुलिस ने मर्ग जांच के आधार पर आरोपित ससुर राधेश्याम पुत्र चुन्नीलाल दांगी, बड़ी सास कलाबाई पत्नी निरपत दांगी और जेठानी संगीताबाई पत्नी संतोष दांगी निवासी झाड़ला के खिलाफ धारा 85, 80(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस घटनाक्रम से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### डिंडोरी पहुंचे तीनों हाथियों ने रात में खेतों में लगी फसलों को पहुंचाया नुकसान, झोपड़ी की तोड़फोड़

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में तीन हाथियों के समूह ने 97वें दिन रविवार की सुबह अनूपपुर वन मंडल के अहिरगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत सरफा बीट के जंगल से वन परिक्षेत्र डिंडौरी में प्रवेश कर विचरण कर रहे हैं।

अहिरगवां वन परिक्षेत्र के रेंज ऑफिसर द्वारा देर रात डिंडोरी वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र के वन अधिकारियों को सूचित किए जाने पर ग्रामीणों को सतर्क किये जाने से किसी की तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई।

तीन हाथियों ने शनिवार को अनूपपुर वन मंडल के अहिरगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत टिटही/जैतहरी बीट के जंगल में दिनभर बिताने के बाद शाम होते ही जंगल से निकल कर मुख्य मार्ग में चलते हुए सरफा बीट के कोडांर रोड पर चलकर उदय सिंह के खेत में लगी गेहूं को खाते हुए एक झोपड़ी में तोड़फोड़ कर झोपड़ी में रखें अनाज को आहार बनाया। इसके बात तीनों हाथी खिरनी ग्राम पंचायत एवं वन बीट सरफा से रविवार की सुबह जोहिला नदी पार कर डिंडोरी वन मंडल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत जंगल में पहुंच गए और विश्राम कर रहे हैं।

यह क्षेत्र अनूपपुर वन मंडल से 8 से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है अनूपपुर वन मंडल के अहिरगवां एवं कोतमा वन परिक्षेत्र के वन अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा श्रमिकों एवं ग्रामीण के साथ हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए रात भर ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क कर आम जनों की सुरक्षा कर रहे थे।

वहीं अहिरगवां वन परिक्षेत्र अधिकारी अजेंद्र सिंह ने हाथियों के डिंडोरी वन मंडल में प्रवेश होने की संभावना पर वन अधिकारियों को समय पर स्थिति से अवगत कराए जाने हाथियों के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों को देर रात सूचित किए जाने से किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित नही हुई।


### गड्ढे में गिरी कार में लगी आग, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां एक चलती कार नियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। इससे उसमें आग लग गई। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए।

जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर रात 11 से 12 बजे के बीच बैहर-मलाजखंड रूट पर केवलारी चौराहे के पास की है। सीतम केलकर (30 वर्ष) की मलाजखंड के पौनी में गैरेज की दुकान है। दो दिन पहले वह पत्नी सविता (28) व बेटे अभि (3) के साथ अपने गृहग्राम पोंडी गए थे।

## कहानी

# इन्द्रजाल



शैलेन्द्र चौहान

उनके हाथों में जब-तब एक लॉलीपॉप रहता। अक्सर तो वे अपने हाथों का उपयोग कुछ लेने के लिए ही करते थे परंतु जब भी वे अपने आसपास किसी भोले-भाले शरीफ़ आदमी को देखते तो उनके हाथ में एक लॉलीपॉप नाचा करता। उस समय वे अपने व्यवहारिक ज्ञान की कुशलता का बहुत ही शानदार परिचय देते। वे उस व्यक्ति की आँखों में झाँकते और मुस्कराते। और तब तक मुस्कराते रहते जब तक कि उस आदमी की आँखों में लॉलीपॉप की झलक न पा लेते। फिर धीरे से वे अपनी मुट्ठी बंद कर लेते, लॉलीपॉप मुट्ठी में बंद हो जाता। अब कहानी अपने सैट फ़ार्मूले पर आगे बढ़ने लगती। भोलाभाला आदमी लॉलीपॉप के सम्मोहन में धीरे-धीरे जकड़ने लगता। वह उनके चक्कर काटने पर विवश हो जाता, उसका मन उनके आसपास मँडराने को आकुल रहता। उसकी इस स्थिति से संतुष्ट हो अब वे लॉलीपॉप बहुत कम समय के लिए और कभी-कभी ही निकालते। भोला व्यक्ति इस तरह लॉलीपॉप के लालच में गहरा फँस जाता। उसकी व्यग्रता दीवानेपन की हद तक बढ़ जाती तब उन्हें उसकी हालत पर अनंत आनंद की अनुभूति होती। और फिर वे किसी अन्य भोले आदमी पर अपना तीर चलाते। उन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता और कठिन प्रयास से एक प्रभामंडल अपने चारों ओर निर्मित कर लिया था सो बहुत लोग अब आसपास मँडराने लगे थे। उनकी मेहरबानी हासिल करने के लिए पूरा हुजूम अब वहाँ इकट्ठा रहता।

सभी तरह के लोग पाए जाते थे उस हुजूम में, ज़रूरतमंद, परेशान, समय बिताने वाले, धंधेबाज़, चालाक, धूर्त, अपराधी, व्यवसायी और राजनीतिक। कुछ सीधे-साधे और समझदार संवेदनशील लोग भी उनके सम्मोहन में फँसे रहते भ्रम, तृष्णा या माया के फेर में। वह इन दिनों सफलता की सीढ़ियाँ बहुत तेज़ी से चढ़ रहे थे। वे अत्यधिक प्रसन्न और आत्म सुख से लबालब थे। अपने बुद्धि चातुर्य पर उन्हें बेहद दंभ हो आया था। वे इन दिनों अपने को अपूर्व और अद्वितीय महसूस करते थे। अपने प्रतिद्वंद्वियों को वह सहज ही पटखनी लगा देते और अपने प्रशंसकों, शुभचिंतकों को देखकर गर्व से इतराते। उनकी स्थिति उस रूपसी जैसी थी जो अपने रूप और चंचलता से अनेकों पुरुषों से फ़्लर्ट करती है। वह भी उसी तरह अपना लॉलीपॉप दिखा-दिखा कर अनेकों लोगों को फ़्लर्ट करते थे। वह कभी किसी को लॉलीपॉप देने का वायदा करते फिर उसे डिच करते और जब कोई बंदा बहुत निराश हो जाता तो उसे मुस्करा कर धीरे से अपने पास बिठा लेते। धीरे-धीरे लॉलीपॉप उसके हाथों पर छुआते और लॉलीपॉप को इतरा कर देखते फिर जेब में रख लेते। इस तरह वह उस आदमी को सम्मोहन मुक्त नहीं होने देते। देखते-देखते वे अत्यधिक संपन्न हो गए और प्रसिद्ध भी। अब उनके पास हज़ारों लोग थे उनकी जयजयकार करते हुए, गुण बखानते हुए उनकी कृपा दृष्टि के लिए विपुल आकांक्षा समेटे हुए।

जैसे-जैसे समय बीतता रहा, उनके चाहने वालों की संख्या और अधिक बढ़ती गई। नए-नए लोग उनके चाहने वालों में शुमार होते चले गए। अब उन्हें स्वयं किसी को सम्मोहित करने की ज़रूरत नहीं रह गई थी। उनकी प्रसिद्धि इतनी अधिक हो चुकी थी कि अब लोग स्वयं उनके दरबार में हाज़िर होने को बेताब रहते और उनके यश में दिन-दूनी रात चौगुनी वृद्धि करते। अब मीडिया उनके इशारों पर नाचता सैकड़ों एडवर्टाइज़िंग एजेन्सीज़, एक्सपर्ट उनकी छवि बनाने में जी-जान से जुट गए थे। कई ब्यूटीपार्लर और मसाजकेन्द्र उनके बँगले के आसपास खुल गए थे। उनके मेकअप के लिए एक बहुत ही श्रेष्ठ टीम जुटा ली गई थी। मज़े की बात यह थी कि यह सब वे स्वयं नहीं कर रहे थे; उनके चाहने वालों का कमाल था। अब उनमें एक गुरुत्वाकर्षण पैदा हो गया था, उन्होंने लोगों की परवाह करना एकदम बंद कर दिया था। उनका अपना जादुई लॉलीपॉप भी अब उन्हें बूढ़ा होता नज़र आने लगा था, सो अब उन्होंने उसे छुपा लिया था और अब वे उसके क्लोन बनाने पर गंभीरता से विचार करने लगे थे।

इस तरह गंभीर हो जाने का ही नतीजा यह था कि लॉलीपॉप की महत्ता पर उन्होंने बेहिसाब भाषण देने शुरू कर दिए थे। वे बताते कि लॉलीपॉप अद्भुत चीज़ है। यह एक शक्ति है, एक चमत्कार है, इस चमत्कार का उपयोग देश और देशवासियों की भलाई के लिए किया जाना चाहिए। लॉलीपॉप की शक्ति न्यूक्लियर ऊर्जा की तरह अप्रतिम और अतुलनीय है। लॉलीपॉप में इतनी ऊर्जा है जितनी कि सूर्य में हो सकती है। पता नहीं देश में ऊर्जा की कमी की बात लोग कैसे करते हैं, वैकल्पिक ऊर्जा का अनन्त स्त्रोत है लॉलीपॉप। लॉलीपॉप के महत्व को प्रतिपादित करते-करते एक दिन उनके किसी शुभचिंतक ने उन्हें लॉलीपॉप की फ़ैक्ट्री डालने की सलाह दे डाली। उन्हें यह बात जँच गई सो उन्होंने अपने एक भक्त से प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाई और फिर एक नहीं चार-चार फ़ैक्ट्रियाँ डालने का एलान कर दिया। चूँकि यह कार्य वे अपने चाहने वालों के लिए ही कर रहे थे इसलिए उन्होंने उन फैक्ट्रियों के शेयर पब्लिक में इश्यू कर दिए। बाजार में धड़ल्ले से लॉलीपॉप के शेयर बिके, उम्मीद से कहीं अधिक धन इकट्ठा हो गया। दलाल, तस्कर, लुटेरे, अपहरणकर्ता तथा संभ्रांत अपराधियों का उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा था। कुछ सरकारी बैंकों ने भी उनके शेयरों को उछालने में मदद की। अब वे एक स्थापित भद्र पुरुष थे। उनके पास अकूत धन था और उसी अनुपात में धन पाने की उनकी हवस भी बढ़ गई थी। अब उनकी सारी बिज़नेस डील्स अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने लगीं थीं जिसमें कई स्वामी और कई हथियार व्यापारी सहयोगी बन गए थे। अब ख़ास वर्ग के और ख़ास धंधों में लिप्त लोग ही उनके कृपा पात्र रह गए थे। आम आदमी अब उनके लिए ख़तरे की वॉयस था और शरीफ़ व्यक्ति तो एकदम घृणा का पात्र। ऐसे लोगों को यदाकदा जहन्नुम बुक करने के लिए एके 47 धारी आतंकवादी इनके इशारों पर ताबड़तोड़ आग बरसा देते थे। उनकी फ़ैक्ट्रियों में बड़ा जोशपूर्ण माहौल था। उनमें बड़ी तादाद में उत्पादन प्रारंभ हो गया था, उनकी खपत भी बेहिसाब थी और विदेशों में निर्यात भी रिकार्ड तोड़ था। इस तरह से दुनिया के मालदार व्यक्तियों में उनका सम्मानजनक नाम हो गया। धीरे-धीरे वे चौथे, तीसरे, और दूसरे स्थान पर पहुँच गए। अब तक सहज और भोले क़िस्म के लोग उनसे एकदम दूर हो चुके थे। भावुक और भावनात्मक सबंधों में विश्वास रखने वाले लोग उनके उपहास का पात्र बनते गए थे। उनके सच्चे मित्र अब उन्हें अपने शत्रु लगने लगे थे। उन दिनों लॉलीपॉप पर लार टपकाने वालों के अलावा भी उनके कुछ सच्चे शुभचिंतक थे जिन्हें वे कोई ख़ास महत्व नहीं देते थे उल्टे उन्हें भी वे लॉलीपॉप दिखा-दिखा कर भ्रष्ट और सम्मोहित करने का प्रयत्न करते थे। जो लोग उनके इस मायाजाल से अप्रभावित रहते थे उन्हें वे बिल्कुल भी पसंद नहीं कर पाते थे। इन लोगों के मन पर विजय पाने की आकांक्षा सदैव उनमें बलवती रहती। यदा-कदा इन मित्रों और शुभचिंतकों को तलाश कर वे उन पर बेइंतिहा हँसते, उन्हें जलील करके आनंदित होते। धीरे-धीरे ऐसे सभी आत्मसम्मान रखने वाले लोग उनसे एकदम दूर चले गए। समय के तो पर ही लग गए थे। समय बहुत जल्दी-जल्दी बीतने लगा था। प्रशंसक और भक्त दिन-रात बढ़ते ही जा रहे थे। उधर इस स्थिति से फ़ायदा उठा कर कुछ लोग उनसे बुरी तरह चिपक गए। उन्हें यह बताया गया कि यह भीड़ आपके लिए ख़तरा है, इससे बचाव आवश्यक है। यह सुरक्षा व्यवस्था कुछ ही लोग जो अत्यंत विश्वसनीय हैं वही कर सकते हैं। उन्हें इस बात पर कोई एतराज़ नहीं था। अब कुछ लोग उनके चारों तरफ़ दीवार की तरह खड़े हो गए। उन्हें उस चहारदीवारी के आगे दिखना बंद हो गया। फिर तो वे उस सुरक्षा व्यवस्था के इस क़दर आदी हुए कि स्वयं उससे बाहर निकलने की उनकी इच्छा ख़त्म हो गई। अब न उन्हें कुछ बाहर दिखाई देता, न वे देखते ही। बस उनके विश्वस्त लोग उन्हें आँखों-देखा हाल सुनाते।

धीरे-धीरे उन्हें यह पता चलने लगा कि उनके उत्पादित लॉलीपॉप का निर्यात घटने लगा है और देशी मार्केट में भी उनकी माँग कम होती जा रही है। उनके 'ब्रांड' के लॉलीपॉप की मार्केटिंग प्रॉपर तरीक़े से नहीं होती देख उन्हें क्रोध आ गया। उन्होंने आदेश दिया कि उनका पुराना मॉडल लॉलीपॉप ढूँढ़ निकाला जाए और नए प्रॉडक्ट को उससे कम्पेयर किया जाए, तब फिर उस पर कुछ और रिसर्च की जाए। उन्हें यह भी आभास हो गया था कि विदेशी 'ब्रांड' के लॉलीपॉप इन दिनों धूम मचा रहे हैं। अतः उन्हें विदेशी कंपनियों से कोलेबोरेशन का आयडिया भी सूझा। वे इस पर विस्तार से सोच-विचार कर निर्णय करना चाहते थे। इतने में उनका एक भृत्य उनके पुराने लॉलीपॉप को ढूँढ़ लाया जो ज्वेलरी पैक करने वाले पारदर्शी सुनहरे डिब्बे में बंद था। जैसे ही उन्होंने उस डिब्बे को खोला, वे अचंभे से भर गए, उसमें बदबू आ रही थी। उनका वह आदर्श लॉलीपॉप सड़ चुका था, उस पर फफूँद लगी हुई थी। वे आहत हुए परंतु उन्होंने अपनी त्वरित बुद्धि से यह निर्णय लिया कि इसकी सफ़ाई कर इस पर रासायनिक लेप चढ़ा दिया जाए और यदि ज़रूरत पड़े तो इसकी प्लास्टिक सर्जरी भी कराई जाए। तुरंत कॉस्मेटिक एक्सपर्ट की खोज हुई, पता चला कि ऐसे कॉस्मेटिक एक्सपर्ट सिर्फ़ अमेरिका में ही पाए जाते हैं।

वे स्वयं अमेरिका जाकर उस लॉलीपॉप की कॉस्मेटिक सर्जरी करा लाए थे। अब वे संतुष्ट थे उनका यह नया लॉलीपॉप एकदम असली जैसा पर उससे अधिक चमकदार दिखाई दे रहा था। उन्होंने फ़ैक्ट्री प्रबंधन को आदेश दे दिया कि अब से ठीक ऐसे और इसी जैसे लॉलीपॉप बनाने चाहिएँ जैसा उनके हाथ में है। उन्होंने तय किया कि यही समय है जब इस पुराने लॉलीपॉप के सम्मोहन को आज़माया जा सकता है। अब, जब फिर से उन्होंने उस लॉलीपॉप को लोगों के सामने नचाना शुरू किया तो किसी में भी उसके प्रति ललक दिखाई नहीं दी। एक तो उनके पास जो लोग थे वे उनके लॉलीपॉप को पूरी तरह जान गए थे, दूसरे उन्होंने उनकी फ़ैक्ट्रियों के बने इतने लॉलीपॉप चूस लिए थे कि उनके लिए उसका आकर्षण समाप्त हो गया था। नए लोग अब उनके पास आ नहीं पा रहे थे। उनका व्यवहार और रुख देख कर वे अपना रास्ता बदल देते थे। धीरे-धीरे उनके आसपास जमी भीड़ भी छँटने लगी। उधर उनकी फ़ैक्ट्रियाँ भी एक के बाद एक बंद होनी शुरू हो गईं। अब उनका बाज़ार ख़त्म हो रहा था। और अंततः वह समय भी आ गया जब अधिसंख्य लोग उनसे दूर चले गए। उन्हें अपने इस नए 'फेस' से निराशा होने लगी थी।

इस निराशा के दौर में अब उन्हें अपने पुराने मित्र याद आने लगे। वे लोग जो उनके सच्चे शुभचिंतक और चाहने वाले थे जो उनके उस लॉलीपॉप के सम्मोहन से दूर रहते रहे उन्हें ढूँढ़ने की व्यग्रता उनमें व्याप्त हो गई। उन्होंने अब सभी पुराने ठिकाने तलाशने शुरू कर दिए। उन्हें यह देख कर बेहद आश्चर्य हुआ जब उन्हें पता चला कि इतने समय में सब कुछ बहुत तेज़ी से बदल चुका था। वे और व्याकुल होते गए। उन्हें अपने पुराने भले मित्रों में से कोई भी नहीं मिल पा रहा था और जो मिल भी रहा था वे शायद उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। बहुत भटकने के बाद आख़िरकार अपना सबसे अधिक चाहने वाला मित्र मिला। वे तो उसे नहीं पहचान पाए थे, मित्र ने ही उन्हें पहचान कर उनका अभिवादन किया, हालचाल पूछा। वे भावविभोर हो गए, बोले - 'मैं तुम्हारी ही तलाश में था, तुम मेरे अपने थे परंतु मैंने अपने स्वार्थवश तुम्हें नहीं पहचाना, मुझसे बहुत बड़ी ग़लती हुई, अब मुझे माफ़ कर दो।' मित्र को उनकी यह स्थिति देखकर करुणा उपजी, उसकी आँखों से दो बूँदें टपक पड़ीं। उसने पूछा आख़िर उन्हें उसकी किस हेतु तलाश थी, वह उनके किस काम आ सकता है। वह बोला मैं आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर हूँ आप आदेश करें। यह सुनकर उन्हें बेहद संतोष हुआ। उन्होंने तुरत-फुरत अपने व्यक्तिगत सहायक को तलब किया बोले - 'यही मेरे परम प्रिय मित्र हैं, मैं अपनी लॉलीपॉप की सारी फ़ैक्ट्रियाँ अब इन्हें सौंपता हूँ। (साभार...)

## सुविचार

जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।

**- स्वामी विवेकानंद**

राजा, गुरु, मित्र की पत्नी तथा सास माता के समान होती है। इनसे अवैध संबंध रखने वाला महापापी होता है।

**- चाणक्य**

## प्रसंग...

### जब हम सत्संग में कुछ पाने जाते हैं

पुरानी कथा है, एक ऋषि थे। आश्रम में अपने शिष्यों को वे आध्यात्मिक जीवन के बारे में बताया करते थे। जब शिष्यों की शिक्षा पूरी हो जाती थी और वे अपने घरों को वापस जाने लगते थे, तो वे ऋषि से पूछते कि गुरुदक्षिणा में क्या दें? तब ऋषि कहते कि तुमने जो पाया है, दुनिया में जाकर उस पर अमल करो, अपने पैरों पर खड़े होओ, सच्चाई की कमाई खाओ और फिर एक साल बाद तुम्हारा जो दिल चाहे वह दे जाना। शिष्य जब आश्रम छोड़कर जाते थे, तो उनमें से कोई एक पेशे में जाता था, कोई दूसरे में। अपने पेशे, अपने कामकाज से जिसे जो कमाई होती थी, उसमें से वे श्रद्धापूर्वक कुछ हिस्सा उन्हें दे दिया करते थे। एक बार गुरुकुल में एक सीधा-सादा शिष्य आया। वह साधारण गृहस्थ था। दिन भर मेहनत करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। लेकिन ऋषि जब उसे पढ़ाते थे, तब उसको जो भी सबक देते, अगले दिन वह उसे जरूर पूरा करके लाता था। जो कुछ उसे सिखाया जाता था, उस पर पूरे मनोयोग से अमल करता था। जब उसकी शिक्षा पूरी हुई तो उसने भी गुरु से पूछा, दक्षिणा में क्या दूं। ऋषि ने उससे भी यही कहा कि दुनिया में जाओ, जो सीखा है, उस पर अमल करो और फिर एक साल बाद जो चाहो, वह दे जाना।

## लघु कथा

### अब क्या होगा

दिलीप कुमार

राजधानी में बरस भर से ज़्यादा चला खेती-किसानी के नाम वाला आंदोलन ख़त्म हुआ तो तंबू-क़नात उखड़ने लगे। सड़क खुल गयी तो आस-पास गाँव वालों ने चैन की साँस ली। मगर कुछ लोगों की साँस उखड़ने भी लगी थी। नौ बरस का छोटू और चालीस बरस का लल्लन ख़ासे ग़मज़दा थे। कैमरा हर जगह था, माइक को सवाल सबसे पूछने थे। हर बार कहानी नई होनी चाहिये।

ओके हुआ तो माइक ने पूछा- 'क्या नाम है तुम्हारा, तुम कहाँ से आये हो?' उसने कैमरे और माइक साल भर से बहुत देखे थे। उसे कैमरे से ना तो झिझक होती थी और ना ही वह माइक से भयाक्रांत होता था। लेकिन चेहरे की मायूसी को छिपाना वो बड़े नेताओं की तरह नहीं सीख पाया था। उसने आत्मविश्वास से मगर दुखी स्वर में कहा, 'छोटू नाम है मेरा, पीछे की बस्ती में रहता हूँ।' माइक ने पूछा, 'इस आंदोलन के ख़त्म हो जाने पर आप कुछ कहना चाहते हैं?'

'मैं साल भर से यहीं दिन और रात का खाना खाता था और अपने घर के लिये खाना ले भी जाता था। घर में बाप नहीं है, माँ बीमार पड़ी है, दो छोटी बहनें भी हैं। सब यहीं से ले जाया खाना खाते थे। इन लोगों के जाने के बाद अब हम सब कैसे खाएँगे?

## जरा हटके

### ईरान की 'कॉनकूर' दुनिया की सबसे कठिन परीक्षा

**तेहरान (ईएमएस)।** वर्तमान में युदधग्रस्त देश ईरान की यूनिवर्सिटी में प्रवेश की परीक्षा कॉनकूर दुनिया की सबसे कठिन और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक है। इस परीक्षा को पास करना सिर्फ एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जीवन में सफलता की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। हर साल लगभग 10 से 12 लाख छात्र इस परीक्षा में शामिल होते हैं, लेकिन इनमें से बेहद कम छात्र ही सफलता हासिल कर पाते हैं। ईरान में इसे सामाजिक प्रतिष्ठा, आर्थिक भविष्य और करियर से सीधे जोड़कर देखा जाता है।

कॉनकूर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह परीक्षा पूरे देश में एक ही दिन आयोजित होती है और इसी के आधार पर छात्रों को यूनिवर्सिटी और विषय दोनों मिलते हैं। अगर किसी छात्र का स्कोर कम रह जाता है, तो वह न तो प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पा सकता है और न ही अपनी पसंद का विषय चुन सकता है। यही कारण है कि यूनिवर्सिटी ऑफ तेहरान और शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलॉजी जैसी शीर्ष यूनिवर्सिटियों में प्रवेश बेहद कठिन हो जाता है, क्योंकि सीटें सीमित हैं और प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा। इस परीक्षा का सिलेबस भी बेहद व्यापक और कठिन होता है। इसमें गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, साहित्य, दर्शन, धर्म और विदेशी भाषाओं से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। प्रश्नों का स्तर ऐसा होता है कि केवल रटकर पास होना संभव नहीं होता, बल्कि विश्लेषणात्मक सोच और तार्किक क्षमता की जरूरत होती है। यही वजह है कि कई छात्र 2 से 3 साल तक सिर्फ इसी परीक्षा की तैयारी में जुटे रहते हैं और खास कोचिंग संस्थानों का सहारा लेते हैं। ईरान में कॉनकूर को लेकर दबाव इतना अधिक है कि कई समाजशास्त्री इसे 'राष्ट्रीय परीक्षा तनाव' तक कहते हैं। परिवार अपने बच्चों के लिए विशेष माहौल तैयार करते हैं, जहां उनका पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर होता है।

## फोटो ऑफ द डे



मैक्सिको में लापता लोगों की तलाश के लिए इएल अजुसको नेशनल पार्क में अभियान चलाया जा रहा है। यहां 40 हजार से अधिक लोगों के लापना होने की आशंका है। -फोटो-ईएमएस

## राज काज

### तमिलनाडु में एनडीए गठबंधन में सीटों का बंटवारा

तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तमिलनाडु में अन्ना डीएमके के साथ एनडीए गठबंधन तैयार हो गया है। 178 सीटों पर अन्ना डीएमके लड़ेगी। अंबुमणि रामदास की पार्टी को 18 सीटें मिली है। शशि कला के भतीजे को 11 सीट तथा जीके वासन की पार्टी को चार सीट देकर एनडीएनए गठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है।इंडिया गठबंधन में अभी बातचीत चल रही है।

### ट्रंप के कंट्रोल में है मोदी जी ?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों मोदी जी के पीछे हाथ धोकर पड़े हैं। हाल ही में उन्होंने कहा, डोनाल्ड ट्रंप के कंट्रोल में मोदी जी हैं। मोदी जी बिना ट्रंप से पूछे कोई निर्णय नहीं लेते हैं। उन्होंने गौतम अडानी का नाम लेते हुए कहा, ट्रंप ,अडानी के नाम पर मोदी जी को धमकाते हैं। मोदी जी ट्रंप की धमकी में आ जाते हैं। जिसके कारण भारत को बहुत नुकसान हो रहा है। भारत के निर्णय अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कर रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम कटघरे में

जजों ने जिस तरीके से सरकार के सामने सरेंडर कर दिया है। उसके बाद से सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम भी कटघरे में खड़ा हो गया है। जितनी आलोचना सुप्रीम कोर्ट के जजों और उनके फैसलों की हो रही है। इसके पहले न्यायपालिका की कभी ऐसी आलोचना नहीं हुई। जिस तरह से न्यायपालिका को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। कॉलेजियम को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। सोशल मीडिया में न्याय पालिका को लेकर लगातार तरह-तरह की कमेंट देखने को मिल रहे हैं। कॉलेजियम की आलोचना बड़े पैमाने में देश भर में हो रही है। न्याय पालिका की साख बनी रहेगी या इसमें और भी गिरावट आएगी। सरकार हर बात पर कहती है. निर्णय से सहमत नहीं हो, तो कोर्ट चले जाओ. कोर्ट में जाने के बाद वर्षों तक न्याय नहीं मिलता है. तारीख पर तारीख और कोर्ट के चक्कर लगाने का क्रम जरूर शुरू हो जाता है। सही मायने में न्यायपालिका संविधान की नहीं, सरकार की होकर रह गई है।

### केरल में केसी वेणुगोपाल का जलबा

केरल में इस बार कांग्रेस की सरकार बनने की संभावना व्यक्त की जा रही है। कांग्रेस में टिकट पाने के लिए लोग एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। जो समाचार केरल से प्राप्त हो रहे हैं। उसमें कांग्रेस की टिकट उन्हीं को मिल रही है। जिन्हें वेणुगोपाल चाहते हैं। केरल में मुख्यमंत्री पद को लेकर अभी से चौसर बिछाई जा रही है। इस चौसर के खेल में कौन जीतेगा, कौन मात खाएगा, यह समय ही बताएगा।

## व्यंग्य

### उफ्फ ये पति... और समोसा

डॉ. जया आनंद

सलोनी की शादी के सब पीछे पड़े थे, समय से होनी चाहिए नहीं तो बड़ी मुसीबत, फिर 'अच्छा' पति मिलेगा नहीं... सोलह सोमवार के व्रत कर डालो, वैभव लक्ष्मी का ग्यारह शुक्रवार भी; शादी हो जाएगी। सलोनी ने सारे व्रत उपवास कर लिए। अब इंतज़ार था कि कोई राजकुमार आएगा और उसे घोड़े पर बिठा कर ले जाएगा और ज़िंदगी हो जाएगी सपने जैसी। प्रतीक्षा को विराम लगा, आ गए राजकुमार साहब ... घोड़ा तो नहीं पर कार पर चढ़कर आ गए। .. हाँ तो शादी के पहले का हाल भी बताना ज़रूरी है। सगाई के बाद ही सलोनी को यह राजकुमार साहब लगे फोन करने। घंटों-घंटों बतियाते, चिट्ठी भी लिखते-लिखाते। सलोनी के तो पौ बारह, पढ़ा-लिखा बाँका जवान मुंडा जो मिल गया था। ... ख़ैर, शादी धूमधाम से हुई। सलोनी की मुस्कान रोके नहीं रुक रही थी।

राजकुमार साहब भी शुरुआत में हीरो की माफ़िक रोमांटिक थे ... पर पति बनते ही दिमाग़ चढ़ गया सातवें आसमान पर 'मैं पति हूँ'। सलोनी भी भौचक्का कि इन महानुभाव को हुआ क्या??? अभी तक तो बड़े सलीक़े से हँसते मुस्कुराते थे जनाब, लेकिन पति बनते ही नाक भौं सिकोड़ कर बैठ गए। 'प्रेम के महल में हुकुम की इंतहा' यह बात कुछ हज़म नहीं हुई पर शादी की है तो हज़म करना ही पड़ेगा; तो सलोनी ने अपना पूरा हाज़मा ठीक किया पर पति को यह कैसे बर्दाश्त कि पत्नी का हाज़मा सही हो रहा है। कुछ तो करना पड़ेगा वरना पति बनने का क्या फ़ायदा! 'कपड़े क्यों नहीं फैलाए अभी तक मशीन में सड़ जाएँगे,' पति महाशय ने अपना भोंपू फूँका।

सलोनी ने सहम कर कहा 'भूल गई थी '। 'कैसे भूल गई, फ़ेसबुक, व्हाट्सएप, किताबें याद रहती हैं... यह कैसे भूल गई । ''अब भूल गई तो भूल गई। भूल सुधार ली जाएगी,' सलोनी ने मन में कहा। 'नहीं... भूलना कितनी बड़ी ग़लती है! जाओ! कोई काम मत करना मेरा, मैं खुद कर लूँगा,' पति महाशय ने ऐलान कर दिया। 'ठीक है जनाब कर लो बहुत अच्छा! ऐसे भी मुझे कपड़े फैलाने पसंद नहीं,' सलोनी ने मन में सोचा। पति महाशय ने मुँह फुला लिया, अब बात नहीं करेंगे। बात नहीं करेंगे तो वह भी कुछ घंटों नहीं बल्कि पूरे तीन-चार दिन बात नहीं करेंगे, इतनी बड़ी भूल जो कर दी सलोनी ने। अब सलोनी का हाज़मा कहाँ से ठीक हो। अब तो एसिडिटी होनी ही है फिर सर दर्द। एक बार सलोनी पति महाशय के ऑफ़इस के टूर पर साथ आई थी। पति महाशय ने रात को गेस्ट हाउस के कमरे में साबुन माँगा। सलोनी ने साबुनदानी पकड़ाई- पर यह क्या उसमें तो पिद्दी सा साबुन का टुकड़ा था। पति महाशय का ग़ुस्सा सातवें आसमान पर, बस पूरा एक हफ़्ता बात नहीं की। ऑफ़िस के टूर में घूमने आई सलोनी की घुमाई गेस्ट हाउस में ही रह गई; इतनी बड़ी भूल जो कर दी थी। उसके बाद से सलोनी कभी साबुन ले जाना नहीं भूली। पति महाशय इसी में गर्व से सीना तान लिए कि सलोनी की इत्ती बड़ी ग़लती जो उन्होंने सुधार दी।

सलोनी ने भी सोचा कि पति के इस तरह मुँह फुलाने की ग़लती को सुधारा जाये पर पति कहाँ सुधरने वाले। उनका मुँह गुब्बारे जैसा फूला तो जल्दी पिचकेगा नहीं, आख़िर पति हैं न!! सलोनी एक बार घूमने गई थी बड़े शौक़ से। पति महाशय ने ऊँची एड़ी की सैंडल ख़रीदी। सलोनी सैंडल पहनकर ज्यों ही घूमने निकली ऊँची एड़ी की चप्पल गई टूट और पति महाशय गए रूठ! उस पर से ताना भी मार दिया, 'कभी इतनी ऊँची एड़ी की चप्पल पहनी नहीं तो ख़रीदी क्यों? अब चलो बोरिया-बिस्तर समेट वापस चलो।' सलोनी हो गई हक्का-बक्का। इतनी सी बात पर इतना बवाल आख़िर चप्पल का ही तो था सवाल दूसरी ले लेंगे। नहीं तो नहीं, एक बार पति महाशय का मुँह तिकोना हो गया तो सीधा होने में समय लगता है पर सलोनी को भी ऐसे आड़े-तिरछे को सीधा करना खूब आता है। 'सॉरी' बोल कर मामला रफ़ा-दफ़ा किया और पति महाशय को घुमा-घुमा के घुमा लिया।

## चिंतन-मनन

### दूर करें अध्यात्म विद्या का अभाव

अध्यात्म विद्या के विषय में अधिकांश भौतिक विद्वान शिक्षा को ही विद्या मान बैठते हैं। वे विद्या और शिक्षा के अंतर को भी समझने में असमर्थ हैं जबकि विद्या और शिक्षा में धरती और आसमान का अंतर है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए महात्मा परमचेतनानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ है सीखना। भौतिक शिक्षा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है जिसका संबंध ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेंद्रियों व मन बुद्धि तक सीमित है। इसके अतिरिक्त विद्या शब्द विद् धातु से बना है जिसका अर्थ है जानना अर्थात् वास्तविक ज्ञान। यह ज्ञान स्वयं अंदर से प्रकट होता है, इसे ही अध्यात्म ज्ञान कहा जाता है। इसे आत्मा की गहराई में पहुंचने पर ही जाना जाता है। शिक्षा के विद्वान अहंकार से ग्रसित होते हैं, उनमें विनम्रता का अभाव होता है जबकि विद्या का प्रथम गुण विनम्रता है। विद्या वास्तव में मानव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अध्यात्म विद्या से मानव निष्काम कर्म योगी बनता है जो सभी को समान भाव से देखता है। पहले निष्काम कर्म योगी को ही प्रजा अपना राजा चुनती थी। वे अपने पुत्र तथा अन्य प्रजा के साथ समान रूप से न्याय करते थे। आज के असमय में अध्यात्म विद्या का अभाव होने के कारण राजा और प्रजा दोनों ही अशांत हैं फिर भी इसे ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि अध्यात्म विद्या के वेत्ता तत्वदर्शी संत आज भी मौजूद हैं।

## स्वास्थ्य

### अर्द्धउष्ट्रासन से मिलता है शारीरिक और मानसिक लाभ

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भागदौड भरी जिंदगी में शरीर और मन को स्वस्थ बनाए रखने में योग आपकी मदद करता है। इन्हीं योगासनों में अर्द्धउष्ट्रासन एक महत्वपूर्ण आसन है, जो कई शारीरिक और मानसिक लाभ प्रदान करता है। अर्द्धउष्ट्रासन, जिसे 'हाफ कैमल पोज' भी कहा जाता है, शुरुआती और मध्यम स्तर के साधकों के लिए बेहद उपयुक्त माना जाता है। यह पूर्ण उष्ट्रासन का सरल रूप है, जिसे आसानी से अपनी क्षमता के अनुसार किया जा सकता है। नियमित अभ्यास से यह आसन शरीर को लचीला बनाता है, तनाव को कम करता है और शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रखता है। साथ ही यह मानसिक स्थिरता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाने में सहायक होता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, अर्द्धउष्ट्रासन शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसमें 'उष्ट्र' का अर्थ ऊंट होता है। इस आसन की अंतिम मुद्रा ऊंट के कूबड़ जैसी दिखाई देती है।

यह आसन मुख्य रूप से रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने और पीठ तथा गर्दन की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए जाना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, इस आसन के नियमित अभ्यास से कब्ज और पीठ दर्द जैसी समस्याओं में राहत मिल सकती है। साथ ही यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और सिर व हृदय क्षेत्र में रक्त संचार को बढ़ाने में भी मदद करता है। इससे शरीर अधिक सक्रिय और संतुलित महसूस करता है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर घुटनों के बल बैठें और घुटनों के बीच कूल्हों के बराबर दूरी रखें। पैरों के पंजे पीछे की ओर रखें और रीढ़ को सीधा रखते हुए कंधों को ढीला छोड़ दें।इसके बाद दाहिने हाथ को धीरे-धीरे दाहिनी एड़ी तक ले जाएं या कूल्हे पर टिकाएं।

# ईरान को फिर बनाएंगे महान, अमेरिका को बनाना है एक रणनीतिक साझेदार

### निर्वासित प्रिंस रजा पहलवी ने ईरानी शासन को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान



**वॉशिंगटन।** ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रज़ा पहलवी ने रविवार को अमेरिका के डलास में कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस सम्मेलन में ईरानी शासन को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया है। उन्होंने ईरान की जनता के बलिदान को याद करते हुए इस्लामिक रिपब्लिक के अंत और एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और समृद्ध ईरान को फिर से खड़ा करने का रोडमैप दुनिया के सामने रखा। उन्होंने अमेरकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रणनीतियों और अमेरिकी सैन्य अभियानों मिडनाइट हैमर व एपिक फ्यूरी की तारीफ की, जिसमें खामेनेई के मारे जाने और परमाणु स्थलों के नष्ट होने की बात कही। पहलवी ने साफ कहा कि वह ईरान में लोकतंत्र की ओर स्थापना का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं और उनका लक्ष्य ईरान को अमेरिका का एक रणनीतिक साझेदार बनाना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रजा शाह पहलवी ने कहा कि आज मैं अपने उन साथियों की याद के साथ बात शुरु करता हूं जिन्होंने न केवल अपनी आजादी के लिए बल्कि ईरान को इस दुष्ट और भ्रष्ट शासन से मुक्त कराने के लिए लड़ाई लड़ी, खून बहाया और जानें दी। वे दुनिया की आजादी, शांति और सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। पहलवी ने एक ऐसे ईरान की कल्पना की जो आतंकवाद के बजाय स्वतंत्रता का निर्यात करे। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र ईरान 21वीं सदी का सबसे बड़ा अनछुआ आर्थिक अवसर है।

## अमेरिका को दी सीधी चेतावनी, हमले का बहाना ढूंढ रहे किम, किया एक और परमाणु परीक्षण

**प्योंगयांग।** पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच जारी भीषण संघर्ष के बीच अब उत्तर कोरिया ने भी अपनी सैन्य गतिविधियों से वैश्विक चिंताएं ब?ा दी हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की मौजूदगी में रविवार को एक शक्तिशाली सॉलिड फ्यूल इंजन का सफल परीक्षण किया गया। साथ ही अमेरिका को चेतावनी देते हुए ईरान पर हो रहे हमलों को लेकर अमेरिका और इजरायल की क?ी आलोचना की है।

इस इंजन का मुख्य उद्देश्य ऐसी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें तैयार करना है, जो सीधे अमेरिकी मुख्यभूमि (मेनलैंड) तक मार करने में सक्षम हों। जानकारों का मानना है कि यह परीक्षण उत्तर कोरिया के उस पांच साल के सैन्य अभियान का हिस्सा है।




होर्मुज के बाद अब एक और समुद्री मार्ग पर संकट, यदि ये बंद हुआ तो रुक जाएगी तेल की आपूर्ति।

# ऑस्ट्रेलिया में खून से लाल हुआ आसमान, डरावना मंजर देख लोग हुए हैरान

### यह साइक्लोन नरेल का असर, तेज हवाओं ने लोगों घर में रहने को किया मजबूर



**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में 28 मार्च को ऐसा नजारा देख लोग हैरान रह गए। दरअसल दिन में अचानक आसमान गहरे लाल रंग में बदल गया। शार्क बे और डेनहम जैसे इलाकों में चारों तरफ लाल धूल की चादर छा गई, जिससे सड़कें, घर और समुद्र का किनारा तक लाल नजर आने लगा। इस अजीब और डरावने नजारे के पीछे वजह बना ट्रॉपिकल साइक्लोन नरेल। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तेज हवाओं ने रेगिस्तानी इलाके की आयरन-रिच लाल मिट्टी को हवा में उड़ा दिया जैसे ही यह धूल आसमान में फैली, सूरज की रोशनी उसके बीच से गुजरते हुए स्कैटर हुई और पूरा आसमान खून जैसा लाल दिखने लगा।

रिपोर्ट के मुताबिक 27 मार्च को साइक्लोन नरेल वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के नॉर्थ-वेस्ट कोस्ट पर पहुंचा। हवाओं की रफ्तार 250 किमी प्रति घंटा तक दर्ज की गई। तेज हवाओं के चलते विजिबिलिटी करीब शून्य हो गई और लोग घरों के अंदर रहने को मजबूर हो गए। स्थानीय लोगों ने इस मंजर को 卐इनक्रेडिबली ईरी卐 और 卐अपोकैलिप्टिक卐 बताया। शार्क बे कैरावन पार्क ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बाहर का माहौल बेहद अजीब और डरावना है, हर चीज धूल से ढक गई और लाल हो गई।

रिपोर्ट के मुताबिक साइक्लोन का सबसे ज्यादा असर एक्समाउथ शहर में दिखा। एयरपोर्ट को भारी नुकसान पहुंचा। हजारों घरों की बिजली गुल हो गई। कई घरों की छतें उड़ गईं। गई नाव डूब गईं। इसके अलावा शेवरॉन, वुडसाइड और सैंटोस जैसे बड़े गैस प्लांट भी प्रभावित हुए, जिससे ऊर्जा उत्पादन पर असर पड़ा। हालांकि बाद में साइक्लोन को ट्रॉपिकल लो में डाउनग्रेड कर दिया गया, लेकिन भारी बारिश और बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इस इलाके की मिट्टी में आयरन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा होती है। साइक्लोन की तेज हवाओं ने इस लाल धूल को ऊंचाई तक पहुंचा दिया। जब सूरज की रोशनी इस धूल से टकराई, तो पूरा आसमान लाल नजर आने लगा।

## इस्लामाबाद में अहम बैठक-तीन देशों के विदेश मंत्री पहुंचे, ईरान संकट पर कूटनीतिक पहल हुई तेज

### पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभाने को है तैयार

**इस्लामाबाद।** ईरान से इजरायल- अमेरिका के बढ़ते सैन्य तनाव और संभावित युद्ध की स्थिति को समाप्त करने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हुई है। इस बैठक की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है, जिसे क्षेत्रीय स्तर पर एक बड़ी कूटनीतिक पहल माना जा रहा है।

बैठक के दौरान इशाक डार ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती से मुलाकात की। इसके अलावा वे तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ताएं भी करेंगे। इन सभी नेताओं की शहबाज शरीफ से भी मुलाकात प्रस्तावित है।

पाकिस्तान ने खुद को इस पूरे संकट में एक मध्यस्थ के रूप में पेश किया है। उसने ईरान को अमेरिका की ओर से तैयार 15 सूत्रीय प्रस्ताव भी सौंपा है। इस प्रस्ताव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह बंद करने, मिसाइल कार्यक्रम में कटौती, क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन रोकने और बदले में आर्थिक प्रतिबंधों में राहत देने जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। फिलहाल ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, पाकिस्तान के सऊदी अरब और ईरान दोनों के साथ करीबी और संतुलित संबंध हैं।

## जेलेंस्की ने कहा- सैटेलाइट तस्वीर बता रही है रूस कर रहा है ईरान की भरपूर मदद

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ब?ा दावा करते हुए रूस और ईरान के बीच ब?ते सैन्य सहयोग की ओर इशारा किया है। जेलेंस्की के अनुसार, सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान द्वारा किए गए हालिया हमले से ठीक पहले रूसी उपग्रहों ने इस सैन्य ठिकाने की कई बार विस्तृत तस्वीरें ली थीं। उन्होंने आशंका जताई है कि रूस ने ये खुफिया जानकारियां ईरान के साथ साझा की हो सकती हैं, जिससे हमले को अंजाम देने में मदद मिली। यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया कि रूस के सैटेलाइट ने 20 मार्च, 23 मार्च और 25 मार्च को इस एयरबेस की निरंतर निगरानी की थी। इन तस्वीरों के लिए जाने के ठीक एक दिन बाद, 26 मार्च को ईरान ने इस ठिकाने पर भीषण हमला कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान ने 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे थे।




आईपीएल में आज होगा सीएसके और राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला।

# धोनी के बाहर होने से मिल सकता है युवा कार्तिक को अवसर



**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के शुरुआती मैचों से बाहर होने के कारण सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने पहले मुकाबले में युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को अवसर दे सकती है। धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबर रहे हैं और रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। ऐसे में वह शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। कार्तिक को सीएसके ने नीलामी में 14.2 करोड़ रुपये में खरीदा है। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक बन गये हैं। सीएसके पिछले सत्र से ही इस खिलाड़ी को खरीदना चाहती थी। इसी कारण उसे हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास के लिए भेजा गया। कार्तिक मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने के साथ विकेटकीपिंग भी करते हैं। ऐमें में टीम उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना चाहेगी। कार्तिक ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के पहले ही मैच में शतक लगाया था और इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे। विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में उन्होंने 445 रन बनाए और टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने 11 पारियों में 334 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 162.92 रहा। कार्तिक भी धोनी की तरत मैच फिनिशर बनना चाहते हैं। ऐसे में सीएसके में उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनने का पूरा अवसर मिलने की संभावना है। फ्रैंचाइजी कार्तिक को आगे बढ़ाकर अधिक से अधिक अवसर देने का प्रयास करेगी। ऐसे में अब देखना होगा कि कार्तिक अपने को साबित करने में कितना सफल रहते हैं।

सीसएसके टीम = रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, उर्विल पटेल, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, सरफराज खान / आयुष म्हात्रे, कार्तिक शर्मा, अकील हुसैन, नूर अहमद, मैट हेनरी, खलील अहमद/अंशुल कंबोज।

### कप्तान स्टोक्स चोटिल कोने के कारण अगले दो माह तक खेल से बाहर हुए

**लंदन।** इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल होने के कारण अगले दो महीने के लिए खेल से बाहर हो गये हैं। स्टोक्स के गाल की हड्डी एक थ्रो लगने से टूट गयी है। ऐसे में अब वह दो माह बाद ही खेल के मैदान में वापसी कर सकेंगे। स्टोक्स की फरवरी में ही सर्जरी भी हुई थी। इसी कारण वह डरहम के लिए काउंटी सीजन के पहले महीने में उपलब्ध नहीं थे। डरहम अकादमी में स्टोक्स जब सर्जरी से उबरकर अभ्यास कर रहे थे तभी नेट्स में गेंद उनके चेहरे पर लग गयी।

स्टोक्स इंग्लैंड लायंस की कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ यूएई में व्हाइट-बॉल सीरीज में भी वह फिटनेस टेस्ट में असफल रहे थे। स्टोक्स डरहम की ओ से अगले सप्ताह केंट के खिलाफ सीजन ओपनर में खेलने वाले थे पर अब उनके सपनों पर पारी फिर गय है। टीम के मुख्य कोच ने कहा कि स्टोक्स शायद 8 मई से वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ पांचवें मैच से पहले नहीं खेल पाएंगे। वहीं डरहम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने कहा कि इस प्रकार लगातार चोटिल होने से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कैंपबेल ने कहा, यह घटना और भी खतरनाक हो सकती थी। अगर गेंद कुछ सेंटीमीटर अलग दिशा में लगती और उनकी आंख पर लग जाती, तो परिणाम क्या होता। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। राहत की बात ये रही कि वह बच गये हैं। गौरतलब है कि स्टोक्स ने जनवरी 2025 में एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट में ग्रोइन इंजरी के बाद से कोई प्रतिस्पर्धात्मक मैच नहीं खेला है।

## आईपीएल से हटने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरुरत: गावस्कर



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है आईपीएल से हटने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ केवल दो साल का प्रतिबंध ही काफी नहीं है। हससे भी अधिक सख्त कदम उठाने चाहिये जिससे कि कोई भी भविष्य में इस प्रकार से धोखा न करे। गावस्कर ने कहा कि जिस प्रकार से कई खिलाड़ी बहानेबाजी करते हैं उसे रोकने के लिए आईपीएल आयोजकों का कठोर नियम बनाने चाहिये। आईपीएल शुरु होने के ठीक पहले कुछ विदेशी खिलाड़ियों के अचानक वापस नाम लेने से टीमों की रणनीति बिखर गयी है। नाम वापस लेने वालों में इंग्लैंड के बेन डकेट और हैरी ब्रूक भी शामिल है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी नीलामी में बिकने के बाद टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उस पर 2 साल का प्रतिबंध लगता है पर गावस्कर का मानना है कि इससे अधिक अधिक कठोर कदमों की जरुरत है।

गावस्कर ने कहा, 卐यह एक कठिन मामला है। डकेट की एशेज सीरीज बहुत अच्छी रही थी, और अगर उन्हें 'द हंड्रेड' की नीलामी में उतनी बड़ी रकम में नहीं खरीदा गया होता, तो वह आईपीएल खेल रहे होते। 'द हंड्रेड' में अच्छी कीमत पर खरीदे जाने के बाद, वह आईपीएल को छोड़ने और यह कहने में काफी खुश थे कि वह अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देना चाहते हैं।

उन्होंने साथ ही कहा, लेकिन हां, इस बारे में बीसीसी को भी सोचना चाहिए

## हमारा लक्ष्य खिताब फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब जीतना है: पाटीदार



### विराट अपने खेल के शिखर पर

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने सत्र के पहले ही मैच में जीत पर खुशी जताते हुए कहा है कि हम खिताब बचाने की मानसिकता के साथ नहीं उतरे हैं। पाटीदार के अनुसार आरसीबी लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फिर से खिताब जीतना चाहती है। आरसीबी ने अपने पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएत) को छह विकेट से हराय है जिससे उसके हौंसले बलंद हैं। पाटीदार ने कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब की जगह खिताब हासिल करने वाला मानते हैं।

उन्होंने कहा, हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात थी। अब हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। आरसीबी की जीत में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के अलावा देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी के अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। इसी को लेकर पाटीदार ने कहा, लक्ष्य का पीछा करने में कोहली शीर्ष पर हैं। मुझे हमेशा से ही उनकी बल्लेबाजी पसंद रही है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है।

उन्होंने कहा, कोच एंडी फ्लावर और मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के सबसे उच्च स्तर पर हैं। उनकी पारी की प्रशंसा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह मेरे आदर्श हैं और मैंने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। वहीं मैच में तीन विकेट लेकर सनराइजर्स पर अंकुश लगाने वाले डफी को लेकर उन्होंने कहा, वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है।

### विराट में अब भी किसी युवा बल्लेबाज जैसी रनों की भूख देखकर होती है हैरानी: अश्विन

**बेंगलुरु।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेली पारी की जमकर प्रशंसा की है। विराट इस मैच में पारी की शुरुआत से लेकर जीत का टिके रहे। इसी को लेकर अश्विन ने कहा है कि उनके अंदर आज भी रनों की पहले जैसी ही भूख है जो मुख्य रुप से युवा बल्लेबाजों में होती है।

अश्विन ने कहा, मुझे इस उम्र में वह काफी अजीब लगता है। मैं कभी-कभी हमारी बातचीत के दौरान उसे यह बताता हूं। वह 40 के आस-पास बल्लेबाज कर रहा था, एक साझेदारी चल रही थी और आरसीबी आराम से आगे बढ़ रही थी। वह पहला एक रन लेने के लिए दौड़ा, वहीं रुक गया जबकि दूसरा बल्लेबा अभी आधा भी नहीं पहुंचा था।

» न्यूज कैप्सूल »

## सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई अफीम की तस्करी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में कोतवाली थाना पुलिस ने दो किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान वर्ष 2019 के एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के पृथक पृथक प्रकरण के फरार आरोपी को भी कांबिग गस्त के दौरान गिरफ्तार किया है व अन्य 138 एनआईएक्ट के स्थाई वारंटियो होकर 03 महिलाओ को भी पकडने में सफलता प्राप्त की है।

थाना प्रभारी पुष्पेन्द्रसिंह राठौर ने बताया कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि को थाना कोतवाली को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले हैं। उक्त सूचना पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपियों जय पिता अशोक सोलंकी उम्र 25 साल निवासी ग्राम डीगांव माली मंदसौर व पंकज पिता राजु मालवीय उम्र 23 साल निवासी माल्याखेर खेडा जिला मंदसौर को वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुये धर दबोचा। दोनो आरोपियों के कब्जे से दो किलो अफीम जिसकी कुल कीमत 03 लाख रुपये जप्त किया गया है। वहीं थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कांबिग गस्त के दौरान कुल 10 स्थाई वारंटीयो को पकडने में सफलता प्राप्त की है जिसमे 138 एनआई एक्ट के 06 वारंट, विद्युत अधिनियम के 02 वारंट एवं 02 अन्य अपराधों के वारंट भी तामिल करवाये गये व 08 गिरफ्तारी वारंट भी तामिल करवाये गये है।

## महावीर जयंती पर सोमवार को रहेगा सार्वजनिक अवकाश, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**सागर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को लेकर सागर जिला प्रशासन ने रविवार को बड़ा निर्णय लिया है। जिले में महावीर जयंती का सरकारी अवकाश अब 30 मार्च, सोमवार को रहेगा। पूर्व में कैलेंडर के अनुसार यह अवकाश 31 मार्च को निर्धारित था, जिसे लेकर काफी समय से संशय की स्थिति बनी हुई थी।

राज्य सरकार द्वारा स्थानीय पर्वों और तिथियों के अनुसार अवकाश निर्धारित करने का अधिकार जिला कलेक्टरों को दिया गया है। इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए सागर कलेक्टर संदीप जीआर ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया कि जैन समाज द्वारा महावीर जयंती का मुख्य पर्व 30 मार्च को मनाया जा रहा है, इसलिए जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में सोमवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

महावीर जयंती के अवसर पर सागर के विभिन्न जैन मंदिरों में सुबह से ही अभिषेक, शांतिधारा और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। शहर के मुख्य मार्गों से भव्य जीर्णोद्धार शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा जीवदया और सेवा के कार्य भी किए जाएंगे।

## कामदा एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, पुलिस बल तैनात

**राजगड़।** कामदा एकादशी के पावन अवसर पर ब्यावरा हाइवे स्थित खाटू श्याम मंदिर में रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह मंगला आरती के साथ ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लग गईं और पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा।

पर्व के लिए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियां की थी। बाबा श्याम का श्रंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे पुष्पों से किया गया। वहीं मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया। दिनभर भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और विशेष आरतियों का दौर चलता रहा। दोपहर आरती के दौरान मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त बाबा श्याम के दर्शन को पहुंचे। कई गांवों और मोहल्लों से निकली निशान यात्राओं ने भी श्रद्धा के माहौल को और भव्य बना दिया। इनमें पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क रहा। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्थाएं सुचारू बनाई गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में सक्रिय सहयोग दिया।

# आप सभी के द्वारा प्राप्त स्नेह और सम्मान अकल्पनीय और अभूतपूर्व हैः आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह

### बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव एवं वंदे मातरम् सामूहिक गायन का हुआ आयोजन

### बुंदेलखंड की समृद्ध कला और संस्कृति को लेकर कलाकारों ने दी अनेक प्रस्तुतियां

**दमोह (ब्यूरो)।** संस्कृति मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटैल के नेतृत्व में बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव एवं वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह स्थित सभागार में राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत गायक विजय तिवारी, वंदना शर्मा,चंद्रवती शर्मा, नितिन खरे और टीम द्वारा अनेक प्रस्तुतियां दी साथ ही सामूहिक वंदे मातरम् गायन शिवानी जैन, डोली कटहरे, दीक्षा राय, नैना तिवारी, अभिलाषा पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू कटारे, दमोह जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर, पथरिया जनपद सदस्य संगीता श्रीधर, वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे, केन्द्रीय विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष साहित्यकार आनंद कुसुमरिया सहित अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।




कार्यक्रम के दौरान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह का अनेक सामाजिक और स्वेच्छिक संगठनों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया जिसमें गायत्री परिवार, करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर, विश्वकर्मा महिला मंडल, विश्व हिंदू परिषद, वूमेंस क्लब, स्वदेशी जागरण मंच, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता सहित अनेक प्रबुद्ध जनों ने नागरिक अभिनंदन किया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित और मां सरस्वती की वंदना का गायन कर किया गया। राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में यह बहुत ही उत्कृष्ट आयोजन है बुंदेलखंड की समृद्ध कला और संस्कृति को संवारने के लिए संस्था का सराहनीय प्रयास है आप सभी के द्वारा प्राप्त स्वागत सम्मान अकल्पनीय और अभूतपूर्व है इस हेतु में आप सभी का सदैव आभारी रहूंगा हमारे बुंदेलखंड की कला और संस्कृति अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली है जिसे संरक्षित करने की आवश्यकता है आयोजन के सूत्रधार कृष्णा पटैल के नेतृत्व में बहुत ही शानदार आयोजन हुआ इसमें आज उपस्थित होकर आप सभी के दर्शनों का अवसर मिला है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि हम सभी मानवाधिकार आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह का दमोह की पावन धरा पर स्वागत वंदन और अभिनंदन करते हैं एक लंबा प्रशासनिक अनुभव रहा है जो निश्चित रूप से अब आयोग के रूप में समाज को लाभान्वित करेगा बुंदेलखंड की कला और संस्कृति को लेकर छात्र सर्व कल्याण समिति निरंतर कार्य करती आ रही है सभी आयोजकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोच ने कहा कि सूर्य की तरह दिव्यमान व्यक्तित्व आज हम सभी के बीच में आया है मैं सर का संपूर्ण जिले वासियों की ओर से स्वागत वंदन अभिनंदन करता हूं। इस दौरान दमोह के वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे एवं केंद्रीय विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष आनंद कुसमरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किय। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों और सहयोगियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक भूपेंद्र कुमार जैन ने किया, स्वागत भाषण आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटैल ने प्रस्तुत किया एवं आभार रोहित जैन ने व्यक्त किया।

## टीम उम्मीद ने मातृ शक्ति के साथ मिलकर चलाया 21 वा साप्ताहिक स्वच्छता अभियान

**दमोह (ब्यूरो)।** रविवार सुबह बेलाताल अटल पार्क में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में टीम उम्मीद मातृशक्ति के साथ टीम के सभी लोगो ने 21वें साप्ताहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया., इस अवसर पर मातृशक्ति के साथ-साथ टीम उम्मीद के सभी लोग सफ़ेद पोशाक में ही नजर आए. स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल के नेतृत्व में शहर में लगातार स्वच्छता कार्यों के साथ 21 में स्वच्छता अभियान के अवसर पर सफ़ेद पोशाक के साथ स्वच्छता करने की ये अनोखी पहल की गई.स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे की शूटिंग भी इस दौर में है दमोह शहर की नए स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे की शूटिंग भी इस अवसर पर की गई. स्वच्छता के अभियानों में सफेद कपड़े पहनने से लोग बचते हैं क्योंकि कपड़ों में भी गंदगी लग जाती है और कपड़े दागदार हो जाते हैं, इस पर हरीश पटेल ने कहा कि इस बार मैंने टीम के सभी लोगों से व मातृशक्ति से सफ़ेद कपडे पहन कर अभियान में आने की बात कही और सभी ने सफ़ेद कपड़ो मे ही अनोखा अभियान चलाया. सफेद रंग, शांति, शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक



है जब लोग सफेद कपड़े पहन कर सफ़ाई करते हैं तो यह संदेश जाता है कि स्वच्छता केवल बाहरी नहीं बल्कि आंतरिक और पवित्र उद्देश्य है.सफ़ेद कपड़ो पर गंदगी तुरंत दिखती है ऐसे कपडे पहन कर सफ़ाई करना यह दर्शाता है कि कार्यकर्ता गंदगी को दूर करने में और उसे बेदाग बनाने के लिए कितने गंभीर और समर्पित हैं. मातृशक्ति स्वच्छता अभियान में अपनी अहम् भूमिका निभा रही हैं टीम में उनका शामिल होना अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक पहल है. जन अभियान परिषद के जिला समन्व्यक सुशील नामदेव ने कहा सफेद रंग शांति और एकता को बढ़ावा देता है, इससे यह संदेश जाता है कि पूरे समुदाय को एकता के साथ गंदगी के खिलाफ लड़ना चाहिए यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है. सेडमेप जिलाधिकारी पीएन तिवारी ने कहा वंदे मातरम् गीत भी सफ़ेद कपड़ों के साथ गाने का मतलब पवित्रता देशभक्ति सादगी और मातृभूमि के प्रति समर्पण को दर्शाता है. सफ़ेद रंग शांति और निष्पक्षता का प्रतीक है जो देश प्रेम की भावना को एक सात्विक और निस्वार्थ रूप देता है. वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष होने के अवसर पर सफेद पोशाक पहनकर, स्वच्छता अभियान चलाने की हरीश पटेल की ये पहल सराहनीय है. बेलाताल अटल पार्क पर सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक चले इस विशेष स्वच्छता अभियान में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल के साथ मातृशक्ति टीम उम्मीद में नैना तिवारी, अभिलाषा पांडे, डाली कटारे, काजल पांडे, नीलम सैनी, सरिता सैनी, सुनीता मेशराम, सुचिता शर्मा, नैंसी जाटव, कुमकुम पाटकर, रश्मी कोरी, राकेश राठौर, धर्मेंद्र सोनी, महेंद्र सिंह लोधी, शिवम सोनी, दीपक राजपूत, माधव पटेल, ब्रजेश सेन, रवि पटेल, , बालक नैतिक सोनी, अर्जुन प्रताप सिंह, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी, जन अभियान परिषद के जिला समन्व्यक सुशील नामदेव, सेडमेप जिलाधिकारी पीएन तिवारी, एनआईसी अधिकारी योगेंद्र सिंह सहित दमोह नगर पालिका कर्मी शामिल रहे.नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी ने सभी लोगों के साथ स्वच्छता पर लोगों को जागरुक करने के लिए और क्या-क्या प्रयास किये जायें इस सब पर विचार विमर्श किया स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे की चल रही शूटिंग पर उनने कहा कि यह गीत जरूर लोगों के जागरुक करने में सहायक सिद्ध होगा।

## सेवादल ने फहराया नैतिकता का ध्वज- सरकार की विफल नीतियों और गिरते चारित्रिक मूल्यों पर साधा निशाना



**सागर (ब्यूरो)।** कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित 81 वें मासिक %ध्वज वंदन% कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने सिविल लाइंस चौराहे के नजदीक ध्वजारोहण करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की चौतरफा विफलताओं पर तीखा प्रहार किया। डॉ. सबलोक ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर %विश्व गुरु% बनने का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार की कूटनीतिक विफलता के कारण आज देश पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की भारी किल्लत व बेतहाशा महंगाई से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि कच्चा तेल और गैस के अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन में सरकार पूरी तरह नाकाम रही है, जिसका सीधा आर्थिक बोझ आम जनता की कमर तो? रहा है।

भाजपा नेताओं के %चारित्रिक पतन% पर कटाक्ष करते हुए डॉ. सबलोक ने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबे नेता अब न महिलाओं का सम्मान कर रहे हैं, न आम पुरुषों का और न ही ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की रक्षा कर पा रहे हैं। मणिपुर से लेकर महिला पहलवानों के शोषण तक, हर जगह बेटी बचाओ का नारा आरोपी बचाओ में तब्दील हो गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सेवा दल के %आत्मबल% और %नैतिकता% के मूल मंत्र को आत्मसात कर इस अनैतिक सत्ता के खिलाफ समाज को लामबंद करें।

## कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति-नरयावली विधानसभा में प्रशिक्षण वर्ग का शंखनाद

### मकरोनिया नगर, मकरोनिया ग्रामीण एवं सदर मंडल की सक्रिय सहभागिता

**सागर (ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, वैचारिक अधिष्ठान और आगामी चुनौतियों के अनुरूप कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए नरयावली विधानसभा क्षेत्र में 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान-2026' का भव्य आगा? हुआ। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग ने अनुशासन और संगठन विस्तार की नई इबारत लिख दी है।

विधानसभा के तीन मंडल मकरोनिया नगर, सदर और मकरोनिया ग्रामीण मंडलों की सक्रिय सहभागिता के साथ, यह आयोजन मात्र एक कार्यक्रम न रहकर कार्यकर्ताओं के लिए एक %वैचारिक कुंभ% बन गया है, जहाँ हिमालय जैसी अडिग निष्ठा और आधुनिक तकनीक (ढ्ढ) के संगम से भविष्य की जीत का मार्ग प्रशस्त किया गया।

संगठन की सूक्ष्म दृष्टि संगठनात्मक कौशल का परिचय देते हुए इस महाअभियान को दो पृथक केंद्रों— श्री गणेश एन्जोरा मैरिज गार्डन (मकरोनिया) और कुबेर वाटिका (पटकुई) पर आयोजित किया गया। विधायक श्री लारिया ने स्पष्ट किया कि भाजपा के लिए सत्ता साध्य नहीं, बल्कि जनसेवा का साधन है और प्रशिक्षण वर्ग एक पाठशाला है।

कुबेर वाटिका में मकरोनिया नगर एवं सदर मंडल के सत्र का शुभारंभ करते हुए स्वयं विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने %उद्घाटन सत्र एवं कार्यपद्धति% पर सारगर्भित पाथेय दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अपनी कार्यपद्धति




से पहचाना जाता है।

श्रीमती सुधा जैन ने वैचारिक अधिष्ठान पर प्रकाश डाला। जाहरसिंह ठाकुर ने %बूथ प्रबंधन एवं मन की बात% के जरिए विजय का मंत्र फूंका। आशीष दुबे ने %सोशल मीडिया एवं ए.आई.% के महत्व को रेखांकित करते हुए आधुनिक चुनावी रणकौशल समझाया। श्याम तिवारी ने भाजपा के गौरवशाली इतिहास और विकास यात्रा से कार्यकर्ताओं को गौरवान्वित किया।

मकरोनिया स्थित दूसरे केंद्र श्री गणेश एंजोरा मैरिज गार्डन पर मकरोनिया ग्रामीण मंडल में भी वैचारिक ऊर्जा का प्रवाह निरंतर बना रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने यहाँ उद्घाटन सत्र में वैचारिक नींव को मजबूती दी। सुखदेव मिश्रा ने केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने की रणनीति साझा की लोकेन्द्र पारासर ने %कार्य विस्तार% विषय पर कार्यकर्ताओं को संगठन की सीमाओं को लांघने हेतु प्रेरित किया। सागर विधायक शैलेन्द्र जैन ने भाजपा के संघर्ष और उत्थान की गाथा सुनाई, जिससे कार्यकर्ताओं में नया जोश भर गया।

यह प्रशिक्षण वर्ग केवल भाषणों का संकलन नहीं, बल्कि भाजपा की उस केडर-बेस्ड संस्कृति का प्रमाण है जो इसे विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाती है। इस प्रशिक्षण वर्ग में जिस तरह से सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) जैसे आधुनिक विषयों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के साथ जोड़ा गया, वह नरयावली भाजपा की दूरदर्शिता को दर्शाता है। जब कार्यकर्ता वैचारिक रूप से समृद्ध होता है, तो संगठन अजेय बन जाता है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री चैन सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह पड़रिया, अंकित तिवारी, सौरभ केसरवानी, समस्त संयोजक, व्यवस्थापक, नियंत्रक सहित मंडलों के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## सकल जैन समाज वीर पुत्र जयम द्वारा वीर पुत्र सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में सकल जैन समाज वीर पुत्र जयम के द्वारा रविवार को तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में वीर पुत्र सम्मेलन का आयोजन महावीर मार्ग तिराहे पर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सकल जैन समाज वीर पुत्र जयम के द्वारा महावीर मार्ग द्वार पर ध्वजारोहण भी अतिथियों के द्वारा कराया गया। ब?ी संख्या में उपस्थित जैन समाज के गणमान्य महानुभावों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर समाज में एकजुटता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि मंदसौर विधायक विपिन जैन की गरिमामय उपस्थिति में सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने जैन ध्वज फहराया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथिगण पूर्व मंत्री नरेन्द्र नाहटा, सकल जैन समाज के महामंत्रीगण शेखर कासमा, निवृर्त्तमान अध्यक्ष जयकुमार बडजात्या, उपसंयोजकगण संजय मुर?िया, अरविन्द मेहता, वीर पुत्र जयम संवाहक राजमल गर्ग, प्रभारी महासचिव अक्षय मारू, सिद्धार्थ पामेचा, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री कमलेश कटारिया, सजैस प्रवक्ता विजेन्द्र फांफरिया भी मंचासीन थे।

सभी मंचासीन अतिथिगणों ने भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। पहली बार महावीर तिराहे पर स्थित महावीर द्वार पर वीर पुत्र सम्मेलन का आयोजन किये जाने पर मंदसौर के सभी जैन समाजजनों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि मंदसौर विधायक विपिन जैन ने कहा कि वर्तमान समय में जब पूरे विश्व में अशांति है, युद्ध हो रहे है और हजारों लोग मारे जा रहे है ऐसे समय में भगवान महावीर के विचारों की सबसे अधिक आवश्यकता है। भगवान महावीर के विचारों को आत्मसात करके ही हम विश्व शांति, सद्भाव मैत्री का भाव उत्पन्न कर सकते हैं।

सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों को सच्चे अर्थों में आत्मसात करने की जरूरत है जब हम महावीर के जियो और जीने दो का सिद्धांत अपनाएंगे तो शांति सद्भाव का वातावरण बनेगा।

म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री नरेन्द्र नाहटा ने कहा कि प्रभु महावीर की जन्म जयंती हम जिस प्रकार पूरे जैन समाज के धर्मावलम्बी मिलजुलकर मनाते हैं, उससे समाज की एकता का संदेश जाता है। कार्यक्रम का संचालन अक्षय मारू ने किया तथा आभार सिद्धार्थ पामेचा ने माना।

## अशोकनगर स्टेशन पर सनसनी- चलती ट्रेन के टॉयलेट में फंदे से लटका मिला युवक

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर रविवार की दोपहर उस वक्त हड?प मच गया, जब बीना-ग्वालियर पैसेंजर ट्रेन के शौचालय में एक युवक की लाश फंदे से लटकती पाई गई। इस खौफनाक मंजर को देखकर यात्रियों के होश उड़ गए और प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

बीना-ग्वालियर पैसेंजर (गाड़ी संख्या- 51883) अपने निर्धारित समय दोपहर 2- 15 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आकर रुकी। गार्ड के बगल वाली बोगी के टॉयलेट में यात्रियों ने युवक को संदिग्ध अवस्था में लटका देखा।




स्टेशन प्रबंधक और गार्ड ने तुरंत मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) को सूचना दी।

मौके पर पहुंची जीआरपी की टीम ने टॉयलेट का दरवाजा खोलकर करीब 28 वर्षीय युवक के शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस उसकी शिनाख्त की कोशिशों में जुटी है।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कवि श्री भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती पर किया पुण्य स्मरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की माटी के गौरव, प्रख्यात कवि स्व. श्री भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'सतपुड़ा के जंगल' में प्रकृति और लोकजीवन का जीवंत चित्रण तथा 'गीतफरोश' में समाज की विडंबनाओं पर सरल किन्तु गहरी अभिव्यक्ति मिश्र जी की लेखनी की विशिष्टता है। मुख्यमंत्री ने कहा स्व. मिश्र की रचनाएं हम सबको अपनी मिट्टी और मूल्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा देती हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने न्यायाधीश श्री वाणी की माता जी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश के न्यायाधीश श्री राजेन्द्र वाणी की पूज्य माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिजन के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजन को दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व विधायक श्री बारी के निधन पर किया शोक व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री गणेश बारी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. बारी को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजन को यह कष्ट सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### नव नियुक्त एल्डरमैन नागरिक सुविधाओं के विस्तार को दें प्राथमिकता: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

#### मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त एल्डरमैन को बधाई और शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के नगरीय निकायों में नव-नियुक्त सभी एल्डरमैन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नव नियुक्त सभी एल्डरमैन नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दें। शहरों के समग्र विकास, सुशासन और जन-भागीदारी को बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समस्त एल्डरमैन को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि 'विकसित मध्यप्रदेश-विकसित भारत' के संकल्प के साथ नव नियुक्त एल्डरमैन्स अपनी ऊर्जा, अनुभव और समर्पण से अपने-अपने नगरों में प्रगति के नये आयाम जोड़ेंगे।

### कल 15 इलाकों में 4 से साढ़े 4 घंटे रहेगी बिजली कटौती

#### आकृति ईको सिटी, जाटखेड़ी, सहारा कॉलोनी और गुंज नगर समेत कई क्षेत्रों में मेंटेनेंस कार्य के चलते सप्लाई प्रभावित रहेगी

**भोपाल(** सोमवार को बिजली उपभोक्ताओं के लिए जरूरी सूचना है। शहर के करीब 15 इलाकों में 4 से 4.30 घंटे तक बिजली कटौती की जाएगी। बिजली कंपनी ने इन क्षेत्रों में लाइन और अन्य उपकरणों के रखरखाव का काम तय किया है, जिसके कारण निर्धारित समय तक सप्लाई बंद रहेगी। खबर के अनुसार आकृति ईको सिटी, जाटखेड़ी, सहारा कॉलोनी और गुंज नगर जैसे इलाके भी इस कटौती से प्रभावित रहेंगे।

बिजली कंपनी की ओर से की जाने वाली यह कटौती मेंटेनेंस कार्य का हिस्सा बताई गई है। आम तौर पर ऐसे कार्यों में लाइन सुधार, ट्रांसफार्मर या फीडर से जुड़े तकनीकी काम, क्षमता वृद्धि और सुरक्षा जांच शामिल होती है। विभाग का कहना है कि निर्धारित समय में काम पूरा होने के बाद सप्लाई बहाल कर दी जाएगी, लेकिन मौसम, तकनीकी स्थिति या काम की प्रगति के आधार पर समय में थोड़ा बदलाव भी संभव है।

इस कटौती का असर घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे दुकानदारों, दफ्तरों और दैनिक कामकाज पर भी पड़ सकता है। खासकर सुबह के समय पानी की मोटर, कूलिंग उपकरण, इंटरनेट राउटर, घरेलू मशीनें और छोटे कारोबारी प्रतिष्ठान प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में लोगों को सलाह दी जाती है कि वे पहले से जरूरी तैयारी कर लें। मोबाइल, इनवर्टर और जरूरी उपकरण चार्ज रखें, पानी का भंडारण कर लें और जिन कामों में बिजली की आवश्यकता है।

# माँ नर्मदा के आशीर्वाद से प्रदेश में बह रही है विकास की नई धारा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

#### मुख्यमंत्री ने संकल्प से समाधान अभियान के लाभार्थियों को किया हितलाभ वितरण

#### मां नर्मदा जल के चतुर्थ चरण का किया भूमि-पूजन

#### रामसर साइट सिरपुर में 62.72 करोड़ रुपये लागत से निर्मित एसटीपी प्लांट का लोकार्पण

#### इंदौर को मिली करोड़ की जल एवं विकास परियोजनाओं की सौगात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है और उनके आशीर्वाद से मध्यप्रदेश में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भी होलकर साम्राज्य ने मां नर्मदा के आशीर्वाद से कठिन परिस्थितियों में सनातन संस्कृति को सशक्त बनाए रखा और देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर घाट, धर्मशालाएं एवं अन्नक्षेत्र विकसित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नर्मदा परियोजनाओं को नई गति मिली है। सरदार सरोवर परियोजना के माध्यम से गुजरात, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के निमाड़ क्षेत्र सहित व्यापक भू-भाग में जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे कृषि, उद्योग एवं पेयजल की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर में आयोजित नर्मदा के चतुर्थ चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर शहर को पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिये मां नर्मदा जल के चतुर्थ चरण के तहत अमृत 2.0 योजना में 1356 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन। इससे शहर की पेयजल आपूर्ति संबंधित बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर जलापूर्ति सुविधाएं प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री इंदौर के रामसर साइट सिरपुर में 62.72 करोड़ रूपये लागत से निर्मित एसटीपी प्लांट का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर संचालित किए गए इस संकल्प से समाधान अभियान के तहत इंदौर जिले में एक लाख 44 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में इंदौर जिले में एक लाख 44 हजार 912 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया है। यह अभियान प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रभावी रूप से संचालित हुआ। प्रदेश में अब 卐जल गंगा संवर्धन अभियान卐 प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत लगभग पौने तीन लाख कुएं, बावड़ी, तालाब एवं नहरों का निर्माण एवं जल संरचनाओं पुनर्जीवित किया जाएगा। यह अभियान गुड़ी पड़वा से प्रारंभ हो गया है, जो गंगा दशमी तक जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के 25 जिलों को लाभ मिलेगा, वहीं पार्वती-कालीसिंध-चंबल (क्क्ष्ट) परियोजना से मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के 13 जिलों में सिंचाई एवं पेयजल की सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। उन्होंने शिप्रा नदी के पुनर्जीवन के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आगामी सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालु शिप्रा के स्वच्छ जल में स्नान कर सकेंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर वर्षा जल संग्रहण एवं निरंतर जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक राशि का करेंगे अंतरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास पर सोमवार 30 मार्च को सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे। साथ ही स्टार्टअप को भी लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी प्रदान करेंगे। एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कार्यक्रम में लघु उद्योग निगम की ओर से मंत्री श्री काश्यप 8 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश राशि का चैक भी सौंपेंगे। मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति एवं कार्यान्वयन ईआईआर योजना अंतर्गत सहायता के रूप में प्रदेश के 43 ड़िलों के 286 स्टार्टअप्स को ड़3.43 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं।

## 'मन की बात' सकारात्मक सोच बनाने की पहल: राज्यपाल पटेल

#### राज्यपाल ने दिव्यांगजनों के साथ सुनी 'मन की बात'

#### राज्यपाल ने 11 आत्मनिर्भर दिव्यांगों का किया सम्मान




**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों से प्रेरणा प्राप्त करने की पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एक दूरदर्शी नेता और अत्यंत संवेदनशील व्यक्तित्व हैं, जिन्हें ईश्वर ने समानुभूति और सहानुभूति की दिव्य भावनाएँ प्रदान की हैं। यह उनका नेतृत्व है, जिसने शारीरिक कमियों को देखने की समाज की सोच को 'दिव्यांग' की उपमा से विशिष्ट क्षमताओं को पहचानने में परिवर्तित किया है। 'मन की बात' कार्यक्रम नवाचार और चुनौतियों का आगे बढ़कर सामना करने की सकारात्मक सोच निर्माण की अभूतपूर्व पहल है।

राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कही। 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण रविवार को अंजनी सभागार, रविन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित किया गया था। राज्यपाल ने कार्यक्रम में आत्मनिर्भर 11 दिव्यांगों को सम्मानित किया। 'मन की बात ङ्क उमंग के साथ' कार्यक्रम का आयोजन 'उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी' द्वारा विशेष बच्चों के लिए संचालित 'उमंग विशेष विद्यालय' की 20वीं वर्षगाँठ पर किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतियाँ दिव्यांगों की इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की दिव्यता का प्रमाण हैं, जो यह दर्शाती हैं कि शारीरिक सीमाएँ हौसलों को रोक नहीं सकतीं। सामान्य जन, जो मामूली बातों में निराश हो जाते हैं, उनके लिए ये प्रस्तुतियाँ प्रेरणा का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का मानना है कि देश की प्रगति के लिए समाज में समान अवसर, सहयोग और परस्पर सम्मान की सामूहिक भावना आवश्यक है।

राज्यपाल कहा कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांग भाई-बहनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित की हैं। सार्वजनिक भवनों, परिवहन और सूचना तंत्र तक दिव्यांगजनों की सुलभ और बाधा-मुक्त पहुँच सुनिश्चित करने के लिए 'सुगम्य भारत अभियान' चलाया गया है। 'सुगम्य भारत' अभियान न केवल भौतिक सुविधाओं की उपलब्धता, बल्कि समाज के दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव और समावेशी सोच के विकास का भी प्रयास है।

## महावीर जयंती अवकाश पर संशय- जिलों को तारीख तय करने की छूट

**भोपाल।** महावीर जयंती के सरकारी अवकाश को लेकर बने भ्रम के बीच मध्यप्रदेश शासन ने स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 29 मार्च को आदेश जारी करते हुए सभी जिला कलेक्टरों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अवकाश घोषित करने की छूट दे दी है। इस फैसले के बाद अब अलग-अलग जिलों में महावीर जयंती की छुट्टी अलग-अलग तारीखों पर घोषित की जा रही है, जिससे आम जनता और बैंकिंग सेवाओं में असमंजस की स्थिति बन गई है।

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता रहा है। लेकिन इस बार सामाजिक संगठनों से मिले ज्ञापनों और स्थानीय धार्मिक आयोजनों की तारीखों में अंतर को देखते हुए शासन ने लचीलापन अपनाया है। आदेश के अनुसार, जिला प्रशासन यह तय करेगा कि उनके क्षेत्र में त्योहार किस दिन प्रमुख रूप से मनाया जा रहा है और उसी के आधार पर अवकाश घोषित किया जाएगा।

इसी के तहत भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 30 मार्च 2026 को महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसी तरह ग्वालियर, जबलपुर और सीहोर सहित कई जिलों में भी 30 मार्च को ही अवकाश रहेगा।

## 2050 स्थानों पर जाँच कर 2912 सिलेंडर किये गये जप्त: खाद्य मंत्री राजपूत

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एलपीजी) पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। भारत में कच्चे तेल का भी पर्याप्त भण्डार है।

#### कालाबाजारी के विरूद्ध कार्यवाही

प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 2050 स्थानों पर जांच की गई तथा 2912 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए। साथ ही 9 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 325 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है, जिसमें 01 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।

#### रसोई गैस की स्थिति

ख्रक्क के संबंध में प्रदेश के बॉटलिंग प्लांटों में पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय (श्व×ह्लह्वद्ध्रस्त्र-द्गस्र ॥श्वह्लह्य) तक काम कर रहे हैं। प्रदेश के जिलों में स्थित वितरकों के पास उपलब्धता एवं प्रदाय की सतत रूप से समीक्षा की जा रही है।

#### पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता

प्रदेश में आज की स्थिति में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल/डीजल (रूस्/ ॥स्ष्ठ) का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की कमी की कोई स्थिति नहीं है एवं कंपनी के डिपो से भी डीजल/पेट्रोल की लगातार कंपनी द्वारा पूर्ति की जा रही है।

#### अतिरिक्त मांग को पूरा करने के कदम

इस बड़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए सभी सप्लाई लोकेशन ज्यादा समय तक काम कर रहे हैं और मांग को पूरा कर स्थिति को सामान्य किया जा रहा है।

#### पीएनजी कनेक्शन प्रदाय करने हेतु दी गई सुविधा

सभी सीजीडी संस्थाओं को कनेक्शन की मांग/शिकायत दर्ज करने तथा निराकरण करने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना करने के निर्देश दिये गये हैं। सीजीडी संस्थाओं को विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्रदान करने के लिए सिंगल विण्डो पोर्टल पर आवेदन करने की सुविधा दी गई है। प्रदेश के शहरों में जिन स्थानों से पाइप-लाइन गई है, उस पाईपलाईन के आस-पास के घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

#### अपील

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल, डीजल क्रय करें। किसी प्रकार का संग्रह न करें। ऑयल कंपनी की ओर से यह दोहराया गया है कि ख्रक्क, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी तथा सीएनजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। एमपी में पेट्रोलियम पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में सीजीडी संस्थाओं को आवेदन कर पीएनजी कनेक्शन प्राप्त किये जायें।

## आईटीआई धामनोद के विद्यार्थियों ने समझी ट्रांसमिशन नेटवर्क की कार्यप्रणाली




**भोपाल।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) धामनोद के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एवं व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको) के 132 केवी सब स्टेशन जैतापुरा-पलासिया का औद्योगिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को 132 केवी सब स्टेशन जैतापुर पलासिया सहित संपूर्ण ट्रांसमिशन नेटवर्क की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उन्हें विद्युत पारेषण की प्रक्रिया, अति उच्च दाब (एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज) विद्युत के पारेषण, ट्रांसफॉर्मरों की भूमिका, ट्रांसमिशन नेटवर्क की संरचना एवं नियंत्रण प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सब स्टेशन के कनिष्ठ अभियंता श्री आत्माराम पटेल ने सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों जैसे पॉवर ट्रांसफॉर्मर, सर्किट ब्रेकर, आइसोलेटर एवं अन्य महत्वपूर्ण यंत्रों के संचालन और उपयोगिता के बारे में समझाया। साथ ही, उन्होंने विद्युत सुरक्षा के महत्व और कार्यस्थल पर अपनाई जाने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों ने तकनीकी पहलुओं से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका सरल और व्यावहारिक तरीके से समाधान किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को विद्युत पारेषण तंत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान और कौशल में वृद्धि हुई।

संस्थान के प्राध्यापकों ने इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## 1.90 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं में से 1.40 करोड़ को मिलती है सस्ते दर पर बिजली: ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के कुल एक करोड़ 90 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से लगभग एक करोड़ 40 लाख अर्थात 74 प्रतिशत उपभोक्ताओं को सस्ते दर पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उपभोक्ता श्रेणी के आधार पर यह दर अधिकतम 2.78 रुपये प्रति यूनिट तक होती है, जो कि वास्तविक दर 7.05 प्रति यूनिट से काफी कम है। इन उपभोक्ताओं को दी जा रही सब्सिडी का भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है।

मंत्री श्री तोमर ने बताया है कि राज्य शासन द्वारा अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत हर माह लगभग एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं से प्रथम 100 यूनिट पर मात्र 100 रुपये ही लिये जा रहे हैं। इसी तरह अटल कृषि ज्योति योजना में लगभग 28 लाख कृषि उपभोक्ताओं से कुल वार्षिक देयक की मात्र 7 से 15 प्रतिशत राशि 2 किश्तों में ली जा रही है। इन दोनों योजनाओं में इनके वास्तविक बिजली बिल के अंतर की राशि राज्य शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में विद्युत वितरण कम्पनियों को दी जा रही है।

राज्य शासन द्वारा एक हेक्टेयर तक की भूमि एवं 5 एचपी क्षमता तक के स्थाई पम्प कनेक्शन वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों को निःशुल्क बिजली दी जा रही है।

आवश्यकता अनुसार उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए बिजली का विक्रय भी किया जाता है। पॉवर एक्सचेंज में विद्युत विक्रय केवल लाभकारी परिस्थितियों में ही किया जाता है, जब राज्य के भीतर विद्युत माँग अपेक्षाकृत कम होती है। साथ ही बाजार दर उपलब्ध अधिशेष विद्युत की लागत से अधिक होती है। इसकी निगरानी के लिये जबलपुर में 24×7 कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके माध्यम से पॉवर एक्सचेंज में विद्युत विक्रय/क्रय का निर्णय लिया जाता है।

## समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की दिशा में व्यापक प्रयास जारी: कृषि मंत्री कंषाना

#### समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम हो रही साकार

**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि हमारे प्रदेश की आत्मा उसके किसान हैं और किसान का सशक्तिकरण ही प्रदेश के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। इसी संकल्प के साथ राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कृषक कल्याण वर्ष एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण है। इस कार्यक्रम की थीम समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश है।

मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि, फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि एवं मजबूत विपणन तंत्र स्थापित करना, इस कार्यक्रम की मूल अवधारणा है। इस कार्यक्रम के फोकस क्षेत्र यथा आधुनिक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य क्षेत्रों में मूल्य-श्रृंखला विकास, प्रोसेसिंग, तकनीक अपनाने और ग्रामीण युवाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देकर व्यापक रोजगार सृजन करना है। कृषक कल्याण वर्ष 2026 की गतिविधियों के परिणाम स्वरुप कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का समन्वित और सतत विकास सुनिश्चित होगा, जिससे ग्रामीण समृद्धि और राष्ट्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। तकनीकी नवाचार, विविधीकरण और नीतिगत समर्थन के माध्यम से इन क्षेत्रों में न केवल उत्पादकता बढ़ाई जा सकेगी, बल्कि विपणन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में बाजार अनुरूप लाभकारी व्यवस्था कृषकों के लिए निर्मित होगी, साथ ही बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकेंगे। प्रदेश समावेशी विकास के माध्यम से समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश की ओर अग्रसर हो रहा है।

मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की दिशा में प्रदेश में 10 बहुउद्देशीय आयामों को शामिल किया गया है। इन आयामों में कृषि क्षेत्र के साथ इससे जुड़े क्षेत्र जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं सहकारिता के क्षेत्र में भी नई सोच से कार्य प्रारंभ किये जाना शामिल किया गया है। कृषक कल्याण वर्ष 2026 का हर आयाम समृद्ध किसान - समृद्ध प्रदेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्रथम आयाम: कृषि बदलाव की बड़ी परियोजनाएं- श्री-अन्न (मिलेट्स), चना और सरसों जैसी फसलों पर गहन शोध और उर्वरकों के अग्रिम भंडारण पर जोर दिया गया है। साथ ही तिलहन भावान्तर व्यापीकरण, उड़द, मूंगफली, गन्ना क्षेत्र विस्तारण, ई विकास व्यापीकरण, उर्वरक अग्रिम भंडारण, पराली से उर्जा प्रबंधन इत्यादि कार्य सम्मिलित हैं।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोन: 9131883521, ई-मेल: janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**